www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : सोमवार, 23 नवम्बर , 2026
अंक- 29 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

चिंगारी



उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उ.प्र.

(जनपद-बिजनौर)



लोकेश अग्रवाल
प्रदेश अध्यक्ष



मनोज कुच्छल
प्रांतीय संयुक्त महामंत्री
एवं जिलाध्यक्ष



मुनीश त्यागी
जिला महामंत्री



बीएस राजपूत
प्रांतीय संगठन मंत्री
एवं जिला कोषाध्यक्ष



रजनीश अग्रवाल
प्रांतीय उपाध्यक्ष



दिलशाद खान
जिला प्रभारी



डॉ. जमीरुद्दीन उस्मानी
वरिष्ठ सलाहकार



अरुण वर्मा
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष



गुलाम साबिर
जिला उपाध्यक्ष



सचिन राजपूत
नगर अध्यक्ष



अनुज गोयल
नगर कोषाध्यक्ष



मानव सचदेवा
युवा जिलाध्यक्ष



चिराग सेठी
युवा जिला महामंत्री



मनु कुमार
युवा जिला कोषाध्यक्ष



दीपक अरोड़ा
विधानसभा अध्यक्ष

सभी व्यापारियों
एवं जनपदवासियों को
सांध्य दैनिक
चिंगारी
की 41वीं वर्षगांठ



गजेंद्र चौहान
युवा नगर अध्यक्ष



हितेष भाटिया
युवा नगर महामंत्री



मौ. हारून
युवा नगर कोषाध्यक्ष



साहिल मदान
युवा नगर मंत्री

एवं गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

उत्तर प्रदेश में 25 लाख से अधिक हित चिंतक बनायेगी विहिप

लखनऊ (चिंगारी)। विश्व हिन्दू परिषद का राष्ट्रव्यापी हित चिंतक अभियान शुरू हो गया है। इस अभियान के तहत विहिप ने उत्तर प्रदेश में 25 लाख से अधिक नए हित चिंतक बनाने का लक्ष्य रखा है। राजधानी लखनऊ में अभियान का शुभारम्भ विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह व प्रान्त मंत्री देवेन्द्र मिश्र ने किया। रविवार को क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने पद्मश्री डा.अनिल रस्तोगी, राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी, पूर्व राज्यमंत्री यशवंत सिंह,उदासीन अखाड़ा के महंत धर्मेन्द्र दास महाराज,वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश सिंह व डा.सत्येन्द्र त्रिपाठी को विहिप का हित चिंतक बनाया। पद्मश्री डॉ.अनिल रस्तोगी ने कहा कि हित चिंतक का काम समाज सेवा व रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहन देना। यह काम 80 देशों में चल रहा है। हम भी हित चिंतक बने हैं आप भी हित चिंतक बनकर समाज सेवा के कार्यों में योगदान करें। विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि 22 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक प्रदेशभर में हित चिंतक अभियान चलेगा। इस दौरान विहिप कार्यकर्ता घर—घर जाकर लोगों को संगठन से जोड़ेंगे। विहिप प्रत्येक तीन वर्ष पर हित चिंतक अभियान चलाता है। इस बार पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र का लक्ष्य 15 लाख से अधिक हित चिंतकों को जोड़ने का है। उन्होंने विहिप से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि 15 वर्ष से ऊपर के सभी देशवासी विहिप के हित चिंतक बन सकते हैं।



सपा सरकार बनने पर फिर शुरू होगा यश भारती सम्मान, पुरस्कार राशि होगी एक लाख - अखिलेश यादव

लखनऊ (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि साल 2027 में सपा की सरकार बनने पर यश भारती सम्मान फिर से शुरू करने और इसकी पुरस्कार राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये करने की घोषणा की। उन्होंने चिकित्सकों के लिए 'वन बॉन्ड, वन सैलरी' व्यवस्था लागू करने का भी ऐलान किया। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी मेडिकल के छात्रों को भरोसा दिलाती है कि सरकार बनने पर इस व्यवस्था को लागू करने का काम किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी सरकार के दौरान यश भारती सम्मान की राशि 50 हजार रुपये थी, जिसे सत्ता में लौटने पर बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आज एक बार फिर इन संकल्पों को दोहरा रही है। अखिलेश ने कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की बात करती है, उसी तरह चिकित्सकों के लिए 'वन बॉन्ड, वन सैलरी' की व्यवस्था लागू करने का काम समाजवादी पार्टी करेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान और प्रोत्साहन नेताजी मुलायम सिंह यादव की कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। वह किसी भी क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले व्यक्ति को सम्मानित करने में हमेशा आगे रहते थे। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव की जयंती पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए जा रहे हैं। नेताजी हमेशा बच्चों की शिक्षा और उनके प्रोत्साहन पर जोर देते थे। अखिलेश ने कहा कि पार्टी अब रूठे लोगों को मनाने का काम भी कर रही है। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि नेताजी की जयंती पर विभिन्न विद्यालयों के जरूरतमंद बच्चों को लैपटॉप दिए गए हैं। नेताजी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया था।

भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद! मा. योगी आदित्यनाथ जिन्दाबाद!
सभी क्षेत्रवासियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, किसानों व शुभचिंतकों को



गंगा स्नान
के पावन पर्व,
श्री गुरु नानक जयंती
एवं नववर्ष 2027
की हार्दिक
शुभकामनाएं एवं
लख-लख
बधाई



सुधींद्र चौधरी
जिला अध्यक्ष

अवनीश चौहान
जिला महामंत्री

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, जनपद- बिजनौर
आवास ग्राम भूतपुरी, जिला बिजनौर

सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकानमाएं
तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 23 नवम्बर, 2026

पीएम मोदी ने किया बालेंद्र शाह का राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक स्वागत



नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारत की दो दिन की यात्रा पर आए नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह का आज यहां राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री शाह का राष्ट्रपति भवन प्रांगण में गर्म जोशी से स्वागत किया। नेपाल के प्रधानमंत्री को तीनों सेनाओं की ओर से सलामी पेश की गई। नेपाल के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति भवन से राजघाट के लिए रवाना हो गए जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्री द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। शाम को श्री शाह राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री शाह की यह पहली भारत यात्रा है।

अयोध्या TO जनकपुर धाम : सरयू-कमला एक्सप्रेस का शुभारंभ

योगी बोले- नेपाल के रिश्तों को मिलेगी नई मजबूती

अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या और माता सीता की जन्मस्थली जनकपुर धाम के बीच अब सीधा रेल संपर्क स्थापित हो गया है। भारत और नेपाल के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई मजबूती देने वाली सरयू-कमला एक्सप्रेस का सोमवार को शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंचे। इससे पहले उन्होंने रामलला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या धाम और नेपाल के जनकपुर धाम के बीच सरयू-कमला एक्सप्रेस का शुभारंभ भारत और नेपाल के हजारों साल पुराने सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रिश्तों को नई मजबूती देगा। इससे दोनों देशों के श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सीएम ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा कि अयोध्या और मिथिला की दो संस्कृतियों का पौराणिक मिलन फिर से जीवंत हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता आस्था, आत्मीयता और साझा विरासत का है। इसे रोटी-बेटी का संबंध कहा जाता है। अयोध्या के लोग आज भी जनकपुर को अपना ससुराल मानते हैं और मिथिला के लोग भगवान श्रीराम को पाहुन के रूप में सम्मान देते हैं। विवाह पंचमी पर जनकपुर में होने वाला राम-जानकी विवाह उत्सव इस रिश्ते की जीवंत मिसाल है। सीएम ने कहा कि सरयू-कमला एक्सप्रेस से उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल के बीच धार्मिक पर्यटन, व्यापार, होटल व्यवसाय और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। ट्रेन के रास्ते में पड़ने वाले 10 महत्वपूर्ण मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव से सीमावर्ती क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत-नेपाल संबंधों को सड़क, राजमार्ग और रेल संपर्क के माध्यम से नई दिशा मिल रही है। अयोध्या से सीतामढ़ी होते हुए जनकपुर तक श्रीराम-जानकी मार्ग भी आकार ले रहा है। उन्होंने भारत-नेपाल के नागरिकों को बधाई देते हुए नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह और केंद्रीय रेल मंत्री का भी आभार जताया। सरयू-कमला एक्सप्रेस के संचालन से अयोध्या और नेपाल के जनकपुर धाम के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। करीब 604 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह ट्रेन दोनों देशों के श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को आसान बनाएगी। इस रेल सेवा से यात्रियों को बीच में ट्रेन बदलने की जरूरत नहीं होगी।



रामायण सर्किट को मिलेगी नई कनेक्टिविटी

अयोध्या और जनकपुर धाम का संबंध धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मभूमि है, जबकि नेपाल का जनकपुर धाम माता जानकी की जन्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। ऐसे में दोनों धार्मिक स्थलों को सीधी रेल सेवा से जोड़ना रामायण सर्किट के पर्यटन को भी बढ़ावा दे सकता है।

मां का स्थान कोई नहीं ले सकता- योगी



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी मां के निधन के बाद सोमवार को प्रदेशवासियों के नाम एक भावुक पत्र लिखकर मां के महत्व, उनके वात्सल्य और जीवन में उनकी अनुपम भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा कि मां केवल मां नहीं, बल्कि जगत जननी है। मां के बिना न जीवन की कल्पना संभव है और न ही इस संसार की।

मुख्यमंत्री ने 'योगी की पाती' नामक अपने लेख में कहा, 'यह पत्र हर मां को समर्पित है, जिसके बिना न आप होते, न हम और न ही कोई जीव। मां का प्रेम दुनिया का सबसे सुंदर भाव है। वह किसी की जगह ले सकती है, लेकिन उसकी जगह कोई दूसरा नहीं ले सकता।'

योगी ने मां के स्नेह और संस्कारों का उल्लेख करते हुए भगवान श्रीराम के वनवास के समय माता कौशल्या के आशीर्वाद और भगवान श्रीकृष्ण के माता की इच्छा से मथुरा के कारागार से गोकुल पहुंचने के प्रसंग का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मां की परवरिश ही ध्रुव और प्रह्लाद जैसे बालकों को विशिष्ट व्यक्तित्व प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने अपनी मां के साथ जुड़ी एक भावुक स्मृति साझा करते हुए बताया कि जब उनकी प्रथम गुरु और अक्षर ज्ञान कराने वाली मां उन्हें छोड़कर अनंत लोक की यात्रा पर चली गईं, तब संन्यास लेने के तीन वर्ष से अधिक समय बाद भगवा वस्त्रों में अपने घर की चौखट पर खड़े होने का दृश्य अचानक उनकी स्मृतियों में उभर आया। उन्होंने बताया कि संन्यास परंपरा के नियमों के अनुसार उस समय उन्होंने भिक्षा के लिए आवाज लगाई थी। आवाज सुनकर मां बाहर आईं तो उन्हें देखकर अविश्वास में पड़ गईं। मां कुछ कह पातीं, इससे पहले उन्होंने भिक्षा मांगी। मां ने भावुक होकर पूछा कि घर में क्या कभी भोजन की इतनी कमी हो गई थी कि बेटे को भिक्षा मांगनी पड़ रही है। इस पर उन्होंने कहा कि संन्यास उनका धर्म है और योगी की क्षुधा भिक्षा से ही शांत हो सकती है। वह वहां ठहरने नहीं, बल्कि भिक्षा लेने आए हैं।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

खुर्शीद मंसूरी को चुनाव लड़ाने को 'चाय पर चर्चा' में जुटे कस्बे के जिम्मेदार लोग

बहुजन स्वराज संकल्प महासम्मेलन में शामिल होने का किया आह्वान

नजीबाबाद (चिंगारी)। साहनपुर में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में आयोजित चाय पर चर्चा मिशन 2027 कार्यक्रम में कस्बे के अनेक जिम्मेदार लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन साहनपुर चेयरमैन एवं नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी के आवास पर किया गया। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने खुर्शीद मंसूरी को चुनाव लड़ाने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता यासीन कस्सार एवं संचालन उबैद नजीबाबादी ने किया। इस मौके पर 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले बहुजन स्वराज संकल्प महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा गठबंधन बनने से बहुजन समाज, दलित, मुस्लिम व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि जनता अब नए राजनीतिक विकल्प को लेकर चर्चा कर रही है। उनका कहना था कि पिछले कई चुनावों में सपा गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने में सफल नहीं रही, ऐसे में लोग सामाजिक परिवर्तन मोर्चा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। शेख शमीम ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश दलित व मुस्लिम आबादी वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है। दोनों वर्ग भाईचारे के साथ आगे बढ़ें तो क्षेत्र की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत किया जा सकता है। यासीन कस्सार ने कहा कि खुर्शीद मंसूरी ने हमेशा साहनपुर के लोगों को प्यार, सम्मान व विकास कार्यों के माध्यम से जोड़ने का काम किया है। इस मौके पर रईस सेठ, नौशाद सरवरी, इरशाद खलीफा, अजीम खान, अहसान, नवाब, आबिद, मुजफ्फर हुसैन, जाकिर शेख, यूनुस राईन, शादाब राईन, उवैस मंसूरी, साजिद जाफर, एडवोकेट नसीम, नदीम सलमानी, नईम, दीपक, इकबाल, इंतजार, आकिब एडवोकेट, राजकुमार, खुर्शीद इदरीसी, नदीम खान, शराफत मौजूद रहे।



साहनपुर वासियों के साथ चाय पर चर्चा करते चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी।

शक्ति केंद्र तातारपुर लालू में मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। शक्ति केंद्र तातारपुर लालू-1 एवं 2 पर नए मतदाता बनाने व कटे हुए वोटरों के नाम पुन: जुड़वाने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष, मंडल मंत्री, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष शामिल रहे। शक्ति केंद्र प्रभारी रितेश सैन ने सभी बूथ अध्यक्षों से आह्वान किया कि वह घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करें। जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनके नए वोट बनवाएं तथा जिनके वोट कट गए हैं, उनके फॉर्म भरवाकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराएं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता वोट बनवाने से वंचित न रहे। विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो चुकी हैं, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को चुनावी मोड में सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करना होगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय, मंडल मंत्री अतुल शर्मा, कपिल वर्मा, नितेश त्यागी, रविकांत, अनुज कुमार, श्रवण त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।



डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। रायपुर मार्ग पर भारत गैस गोदाम के समीप तेज रफ्तार डंपर ने गैस सिलेंडरों से भरे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोटकादर निवासी मस्तान (40) पुत्र बुंदू ई-रिक्शा में गैस सिलेंडर लेकर जा रहा था। इसी दौरान भारत गैस गोदाम के पास एक डंपर ने ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बिजनौर रेफर कर दिया गया।

गड्ढों में तब्दील गुनियापुर-दूधली मार्ग सही कराने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। गुनियापुर-दूधली मार्ग के गड्ढों में तब्दील होने से ग्रामीण काफी परेशान है। उन्होंने प्रशासन से समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गुनियापुर-दूधली मार्ग पिछले काफी समय से खस्ताहाल में है। मार्ग पर इतने गड्ढे है कि दुपहिया व चारपहिया वाहनों के साथ स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मार्ग काफी क्षतिग्रस्त होने से उधर से गुजरने वाले गन्ने से भरे वाहनों के चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से लगातार हादसे का खतरा बना हुआ है। क्षेत्र के लोगों ने मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।



हर्षित सर्राफ ने किया शोरूम का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। जलालाबाद रोड पर विशाल मेगा मार्ट के पास मैसर्स लक्की एक्सक्लूसिव रेडीमेड कपड़ों के नये शोरूम का उद्घाटन हर्षित सर्राफ प्रबंधक आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज एवं राजकुमार तागरा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। नवीन प्रतिष्ठान लकी एक्सक्लूसिव के मालिक लक्की तागरा, सौरभ तागरा एवं परिवार के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि हर्षित सर्राफ एवं आगंतुक मेहमानों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि हर्षित सर्राफ ने कहा कि इस नवीन शोरूम में रेडिमेड कपड़ों की विभिन्न प्रकार की एडवांस वैरायटी मिलेगी। इस मौके पर जिला महासचिव रईस कुरैशी, अध्यक्ष मोनू, टाटा, अध्यक्ष पंकज वर्मा, सरदार गिन्नी, नगर सचिव धीरज झा, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा, हिमांशु तायल, अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद अय्यूब सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता को श्रद्धांजलि अर्पित की

नजीबाबाद (चिंगारी)। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ की मासिक बैठक नजीबाबाद में संगठन के जिला मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह निराला के संचालन एवं जिला महामंत्री अंकुर गिरि की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक से पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान गढी के महंत राजू दास महाराज के नेतृत्व में प्रचार हेतु बैठक में मुख्य अतिथि रहे प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश कुमार शर्मा ने समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारी से जनपद बिजनौर की गतिविधि का जायजा लिया। संगठन को मजबूत कर सदस्यता अभियान चला कर लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज कुमार, अनुज गिरि जिला प्रवक्ता, अनुज बजरंगी जिला संरक्षक, अमित यादव जिला सोशल मीडिया प्रभारी, राजवीर सिह जिला मंत्री, पुनीत राजपूत, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित राजपूत, जिला उपाध्यक्ष देवराज चौहान, तहसील अध्यक्ष सोनू कुमार, बिट्टू कुमार, राजकुमार सैनी, कृष्ण दयाल शर्मा, अभिषेक शर्मा, नरदेव, लीलू सैनी, विकास, मदनपाल, वीर सिंह, रितिक शर्मा, राहुल, शिव बजरंगी, विकास सनातनी, इंदर सिंह, सौरभ सिंह, राजवीर सिंह, लकी सैनी, बलजीत सैनी, दीपक कुमार, आर्यन सैनी, दीपांशु सैनी, बंटी सैनी, उज्जवल पाल, अंकुर सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विलुप्त होता जा रहा नीम का पेड़

खोती जा रही नीम की हरियाली, गांवों में बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

बिजनौर (चिंगारी)। कभी गांव के हर घर के आंगन, घेर और खेतों की मेड़ों पर नीम का पेड़ दिखाई देना आम बात थी। नीम केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा हुआ करता था। गर्मियों में इसकी घनी छांव लोगों को सुकून देती थी तो इसकी पत्तियां, छाल, फल और दातून सदियों से घरेलू उपचार और पारंपरिक जीवनशैली का हिस्सा रहे हैं। यही वजह थी कि नीम को प्राकृतिक ऑक्सीजन प्लांट भी कहा जाता था। लेकिन बदलते समय और आधुनिकता की अंधी दौड़ में अब नीम के पेड़ धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं।

शुभ माना था नीम का पेड़

एक समय था जब गांवों में घर बनाते समय आंगन में नीम का पेड़ लगाना शुभ माना जाता था। महिलाएं इसकी छांव में बैठकर घरेलू कामकाज करती थीं, बच्चे इसके नीचे खेलते थे और बुजुर्ग गर्मियों की शाम नीम के नीचे बैठकर समय बिताते थे। सुबह नीम की दातून से दांत साफ करना ग्रामीण जीवन की दिनचर्या का हिस्सा था। नीम की पत्तियों का इस्तेमाल घरों में अनाज और कपड़ों को सुरक्षित रखने के लिए भी किया जाता था, लेकिन अब पक्के मकानों, सीमेंटेड आंगनों, सड़कों के चौड़ीकरण और जगह की कमी के नाम पर पुराने पेड़ों को काटा जा रहा है। नई पीढ़ी के घरों में सजावटी पौधों को तो जगह मिल रही है, लेकिन नीम जैसे उपयोगी और छायादार पेड़ों के लिए स्थान कम होता जा रहा है।

बिगड़ रहा पर्यावरण का संतुलन

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार पेड़ों की लगातार घटती संख्या से वायु प्रदूषण, बढ़ते तापमान और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएं गंभीर हो रही हैं। नीम जैसे पेड़ हवा को स्वच्छ बनाने, धूल कम करने, छाया देने और जैव विविधता को सहारा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गांवों में भी अब गर्मी का असर पहले से अधिक महसूस होने लगा है। हालांकि बीमारियों में वृद्धि के कई कारण हैं, लेकिन हरियाली की कमी और प्रदूषण भी लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारक हैं।



याद दिलानी होगी नीम की अहमियत

आज जरूरत इस बात की है कि प्रत्येक गांव में नीम सहित स्थानीय और छायादार पेड़ लगाने का अभियान चलाया जाए। ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को आगे आकर घरों के आसपास, स्कूलों, पंचायत भवनों, सड़कों और खाली स्थानों पर नीम के पौधे लगाने चाहिए।

> **“ कभी जिस नीम के पेड़ ने गांवों को छांव, शुद्ध वातावरण और प्राकृतिक जीवनशैली दी थी, आज वही नीम संरक्षण की बाट जोह रहा है। यदि समय रहते इसकी अहमियत नहीं समझी गई तो आने वाली पीढ़ियां नीम की छांव और उससे जुड़ी ग्रामीण संस्कृति को केवल कहानियों में ही जान पाएंगे ।**

(अनिल चौधरी)

कार्तिक पूर्णिमा पर कृतिका नक्षत्र का अनूठा संयोग

भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि की विशेष महिमा है, कार्तिक पूर्णिमा अत्यन्त पावन मानी गई है। पौराणिक मान्यता है कि इस तिथि के दिन देवाधिदेव महादेव जी ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था तथा शिवजी के आशीर्वाद से दुर्गारूपिणी पार्वती जी ने महिषासुर का वध करने के लिए शक्ति अर्जित की थी। इसी दिन सायंकाल भगवान श्रीविष्णु जी मत्स्यावतार के रूप में अवतरित हुए थे। कार्तिक पूर्णिमा का पुनीत पर्व 24 नवम्बर, मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। काशी में देव-दीपावली का पर्व भव्य रूप में मनाया जाता है। इस दिन सायंकाल घाटों पर दीपक प्रज्वलित किया जाता है। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि आज, 23 नवम्बर, सोमवार को रात्रि 11 बजकर 43 मिनट पर लगेगी, जो कि 24 नवम्बर, मंगलवार को रात्रि 8 बजकर 24 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात् प्रतिपदा तिथि लग जाएगी। कृत्तिका नक्षत्र आज, 23 नवम्बर, सोमवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात 2 बजकर 03 मिनट से 24 नवम्बर, मंगलवार को रात्रि 11 बजकर 26 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात रोहिणी नक्षत्र प्रारम्भ हो जाएगा। पूर्णिमा तिथि पर कृतिका नक्षत्र का अनूठा संयोग विशेष फलदायी हो गया है। इस दिन भगवान श्रीविष्णुजी एवं देवाधिदेव महादेव जी, श्री शिव जी के पुत्र श्री कार्तिकेय जी की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। कार्तिक माह के प्रथम दिन से प्रारम्भ हुए धार्मिक नियम-संयम आदि का समापन कार्तिक पूर्णिमा 24 नवम्बर, मंगलवार को हो जाएगा।



ऐसे करें पूजा

ज्योतिषविद श्री विमल जैन ने बताया कि प्रात:काल सूर्योदय के पूर्व ब्रह्ममुहूर्त में उठकर समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त हो स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करना चाहिए। देव-कक्ष में पूजा-स्थल को गंगाजल या शुद्ध जल से साफ एवं स्वच्छ करके अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना के पश्चात कार्तिक पूर्णिमा के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। पूर्णिमा तिथि के दिन प्रात:काल गंगा-स्नान करके देव-दर्शन के पश्चात ब्राह्मण को यथाशक्ति दान करके पुण्यफल अर्जित करना चाहिए। सायं प्रदोषकाल में दीपदान करने का प्रावधान है। देवालयों में दीपक प्रज्वलित करके आकर्षक व मनमोहक दीपमालिका सजाई जाएगी। गंगाजी एवं सरोवरों के तट पर दीपदान किया जाएगा। आज के दिन पीपल, आंवला एवं तुलसीजी के वृक्षों का जलसिंचन करके दीपक जलाकर उनका भी पूजन किया जाता है।

क्या करें दान

प्रतीक के स्वरूप में क्षीरसागर के दान का भी विधान है। 24 अंगुल के नवीन पात्र में गौ दूध भरकर उसमें सोने या चांदी की बनी मछली छोड़कर ब्राह्मण को विधि सहित दान देने से जीवन में सुख-सौभाग्य की प्राप्ति बताई गई है। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि सायंकाल मण्डप बनाकर श्री सत्यनारायण भगवान की कथा-पूजन का आयोजन भी किया जाता है। व्रत रखकर या फलाहार ग्रहण करके श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा से सुख-शान्ति एवं सफलता मिलती है। धार्मिक शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा के दिन किए गए दान व पुण्य का फल दस यज्ञों के फल के समान बताया गया है।



आज के दिन सिख धर्म के संस्थापक श्रीगुरुनानक देव जी का जन्मोत्सव-प्रकाशोत्सव भी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन अपनी दिनचर्या नियमित व संयमित रखकर कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव-दीपावली का पर्व मनाना चाहिए।

-ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन
मो. : 09335414722

कार्तिक पूर्णिमा पर बन रहा कई महत्वपूर्ण योगों का संयोग

बिजनौर (चिंगारी)। कार्तिक मास की पूर्णिमा सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी तिथियों में मानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन गंगा जी एवं पवित्र नदियों में स्नान करने, भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा करने तथा जरूरतमंदों को दान देने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। वर्ष 2026 में कार्तिक पूर्णिमा मंगलवार, 24 नवंबर को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार पूर्णिमा तिथि आज 23 नवंबर की रात 11 बजकर 42 मिनट से प्रारंभ होकर 24 नवंबर की रात 8 बजकर 23 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार 24 नवंबर को ही कार्तिक पूर्णिमा का व्रत, गंगा स्नान और दान-पुण्य किया जाएगा। सिविल लाइन स्थित धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के ज्योतिषविद् पंडित ललित शर्मा के सुपुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस दिन प्रात:काल ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करना विशेष फलदायी माना जाता है। वहीं, शाम को प्रदोष काल में दीपदान का विशेष महत्व है। इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर कई महत्वपूर्ण योगों का संयोग बन रहा है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है, जो प्रात: 6 बजकर 51 मिनट से रात्रि 11 बजकर 25 मिनट तक रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग में किए गए शुभ कार्यों में सफलता प्राप्त होती है, इसके अतिरिक्त इस दिन कृतिका नक्षत्र रहेगा, जो रात्रि 11 बजकर 25 मिनट तक है। पूर्णिमा तिथि पर कृत्तिका नक्षत्र का संयोग अत्यंत शुभ और दुर्लभ माना जाता है, विशेष रूप से जब यह कार्तिक पूर्णिमा के दिन बनता है, शास्त्रों में इसे महाकार्तिकी कहा गया है।



क्यों कहते हैं इसे देवताओं की दिवाली ?

कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली या देवताओं की दिवाली कहने के पीछे भगवान शिव से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पौराणिक कथा है। तारकासुर के तीन पुत्रों तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली ने कठोर तपस्या करके ब्रह्माजी से तीन नगरों का वरदान प्राप्त किया था। ये तीनों नगर सोने, चांदी और लोहे के बने हुए थे। इन्हें त्रिपुर कहा गया और इनके स्वामी त्रिपुरासुर कहलाए। वरदान प्राप्त करने के बाद तीनों असुर अत्यंत शक्तिशाली और अत्याचारी हो गए। उन्होंने देवताओं को परेशान करना शुरू कर दिया और तीनों लोकों में भय का वातावरण बना दिया। अंतत: देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध करने का संकल्प लिया। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने एक ही बाण से तीनों पुरों का विनाश कर दिया। इस विजय के बाद देवताओं ने अत्यंत प्रसन्न होकर दीप जलाए और भगवान शिव का अभिनंदन किया। इसी विजय और उत्सव की स्मृति में कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरारी पूर्णिमा तथा देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। इस पर्व का वास्तविक महत्व तभी सार्थक होता है, जब हम धार्मिक आस्था के साथ अपने व्यवहार में भी सकारात्मकता लाएं, जरूरतमंदों की सहायता करें और प्रकृति एवं नदियों के संरक्षण का संकल्प लें।



-पंडित अभिलाष शर्मा
विष्णुलोक सिविल लाइन पंजाब नेशनल बैंक के बराबर में, बिजनौर। मो. 9457563232

भली लगे या बुरी...

तीन महाशक्तियों का एक साथ बैठना

पिछले काफी दिनों से सारा विश्व तमाम तरह की आशंकाओं, उथल-पुथल और युद्ध आदि से घिरा हुआ है। ऐसे में विश्व के लिए यह एक सुखद समाचार तब आया, जब विश्व की तीन महाशक्तियों के सर्वोच्च नेता चीन में एकसाथ बैठे और अपनी वैश्विक जिम्मेदारियों पर सार्थक विमर्श किया। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प, चीन के सर्वेसर्वा शीजिंग पिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच इस शिखर वार्ता के दौरान यह सहमति बनी कि परमाणु हथियारों को नियंत्रित किया जाए क्योंकि इनके प्रयोग के बावजूद कोई कभी विजेता नहीं बन सकता। विमर्श में यह भी सहमति बनी कि सभी राष्ट्रों की स्वायत्ता का सम्मान किया जाए और तेल की आवाजाही नियमित हो। बातचीत में यूक्रेन और खाड़ी युद्ध की चर्चा जरूर हुई, लेकिन घोषणा-पत्र में इनका कोई उल्लेख नहीं था। बहरहाल, यह एक बेहतर शुरूआत है और उम्मीद है कि आने वाले समय में ऐसी वार्ताओं का सिलसिला न केवल व्यापक होगा, बल्कि नियमित भी होगा और उसके सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे। भारत, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे तेजी से विकसित हो रहे देशों के प्रमुख भी ऐसे शिखर सम्मेलनों में शामिल हो सकेंगे, अधिक सार्थक निर्णय सामने आ सकेंगे क्योंकि राष्ट्रसंघ की हाल के वर्षों में भूमिका बहुत औपचारिक और प्रभावहीन अधिक रही है। तीन महाशक्तियों के शिखर सम्मेलन से ठीक पहले फिलीपींस की राजधानी मनीला में संपन्न क्वाड शिखर सम्मेलन तथा आसियान-भारत शिखर सम्मेलन भी सम्पन्न हुआ। इसमें चीन को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि इस क्षेत्र तथा बाकी दुनिया में उसकी आक्रामकता व विस्तारवादी नीतियों का विरोध न केवल जारी रहेगा, बल्कि उसके तेज होने की भी उम्मीद है। राजनीतिक विश्लेषकों को उम्मीद है कि बहुत लंबे समय के बाद चीन, रूस व अमेरिका महाशक्तियों के बीच बैठक का प्रभाव वैश्विक राजनय पर पड़ेगा। हालांकि, इस त्रिपक्षीय बैठक के परिणाम आने तथा वैश्विक घटनाओं पर इसके प्रभाव देखने में थोड़ा समय लगेगा। उम्मीद है कि पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुके रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पश्चिम एशिया में ईरान तथा अमेरिका व इस्त्राइल के बीच युद्ध के पश्चात व्याप्त तनाव कम करने में इससे सहायता मिलेगी।

मानवता, नारी सम्मान और सर्वधर्म समभाव के महान संदेशवाहक : गुरु नानकदेव

557वें प्रकाश पर्व पर विशेष

भारतीय इतिहास और आध्यात्मिक चेतना के आकाश में श्री गुरु नानक देव जी का नाम एक ऐसे प्रकाश पुंज के रूप में अंकित है, जिसकी रोशनी सदियों से संपूर्ण मानवता को सत्य, प्रेम, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाती आ रही है। 24 नवंबर 2026 को संपूर्ण विश्व में उनकी 557वीं जयंती अर्थात प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पावन अवसर केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि उनके विचारों, आदर्शों और मानव कल्याण के संदेश को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने का भी अवसर है।

गुरु नानक देव जी की संपूर्ण शिक्षाओं का मूल आधार इक ओंकार है। उनका मानना था कि परमात्मा एक है, वह निराकार है और संपूर्ण सृष्टि उसी की रचना है। जब ईश्वर एक है और उसकी बनाई हुई मानव जाति एक है, तो फिर इंसानों के बीच भेदभाव, नफ़रत और ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने मानव जीवन के लिए तीन प्रमुख सिद्धांत दिये- नाम जपो, किरत करो और वंड छको। अर्थात परमात्मा का स्मरण करो, ईमानदारी से मेहनत करके जीवन यापन करो और अपनी कमाई में से जरूरतमंदों के साथ बांटकर खाओ। ये तीनों सिद्धांत आज भी सामाजिक समरसता और आदर्श समाज की स्थापना के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

नारी सम्मान के प्रबल पक्षधर थे

गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष नारी सम्मान और महिला समानता है। जिस दौर में समाज में महिलाओं को अनेक प्रकार की सामाजिक असमानताओं और बंधनों का सामना करना पड़ता था, उस समय गुरु नानक देव जी ने नारी के सम्मान और उसके महत्व को आध्यात्मिक तथा सामाजिक दृष्टि से प्रतिष्ठित किया।



गुरु साहिब ने अपनी वाणी में स्पष्ट संदेश दिया- सो किउ मंदा आखीऐ जितु जमहि राजान॥

अर्थात उस नारी को बुरा या नीचा कैसे कहा जा सकता है, जिसके गर्भ से राजा-महाराजा तक जन्म लेते हैं।

यह केवल एक धार्मिक पंक्ति नहीं, बल्कि नारी के सम्मान, गरिमा और समान अधिकारों का युगांतरकारी उद्घोष है। गुरु नानक देव जी ने यह स्थापित किया कि महिला और पुरुष दोनों परमात्मा की संतान हैं। किसी भी व्यक्ति का सम्मान उसके लिंग के आधार पर कम या अधिक नहीं हो सकता। सर्वधर्म समभाव और राष्ट्रीय एकता-अखंडता का संदेश।

गुरु नानक देव जी ने हिंदू और मुस्लिम सहित विभिन्न समुदायों के लोगों के बीच प्रेम, संवाद और भाईचारे का संदेश दिया। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि धार्मिक आस्था और मानवता एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने मनुष्य को उसकी धार्मिक पहचान से पहले इंसान के रूप में देखने की प्रेरणा दी। गुरु नानक देव जी का संदेश हमें यही सिखाता है कि अलग-अलग आस्थाएं रखने के बावजूद हम सब एक ही मानव परिवार का हिस्सा हैं।

लंगर और संगत-पंगत

गुरु नानक देव जी ने केवल उपदेश नहीं दिये, बल्कि अपने विचारों को व्यवहार में उतारने का मार्ग भी दिखाया। संगत और पंगत की परंपरा ने समाज को एक ऐसा मंच दिया, जहां सभी लोग बिना किसी जातिगत, आर्थिक या धार्मिक भेदभाव के एक साथ बैठकर प्रभु का स्मरण करते हैं और लंगर ग्रहण करते हैं। लंगर की परंपरा मानव समानता, सेवा और परोपकार का जीवंत उदाहरण है। यहां अमीर-गरीब, ऊंच-नीच और जाति-पाति का कोई भेद नहीं रहता।

आज भी प्रासंगिक हैं गुरु साहिब की शिक्षाएं

आज दुनिया अनेक चुनौतियों से जूझ रही है। कहीं धार्मिक कट्टरता है, कहीं जातिगत भेदभाव, कहीं महिला उत्पीड़न, तो कहीं हिंसा और नफ़रत का वातावरण। ऐसे समय में गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं मानव समाज को नई दिशा प्रदान कर सकती हैं। उनका संदेश स्पष्ट है कि सच्चा धर्म वही है जो इंसान को इंसान से जोड़ता है। सच्ची पूजा वही है जिसमें मानव सेवा का भाव हो और सच्चा जीवन वही है जिसमें ईमानदारी, करुणा और परोपकार का स्थान हो।

-कमलजीत सिंह नूर (वरिष्ठ पत्रकार)

मेहनत करो, नाम जपो, वंड छको



धन धन श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश 1469 ई. को तलवंडी साहिब (जो अब ननकाना साहिब से जाना जाता है, और पाकिस्तान है में) हुआ। पिता का नाम मेहता कालू जी और माता का नाम माता तृप्ता जी था। बचपन से ही गुरु जी दुनिया से अलग थे। वो दिखावे, पाखंड और अंधविश्वास को नहीं मानते थे। उन्होंने हमेशा सच और सच्ची भक्ति की बात की। गुरु जी ने पैदल 4 बड़ी उदासियां (यात्राएं) कीं-उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम। हजारों मील पैदल चलकर, गांव-गांव, शहर-शहर जाकर उन्होंने लोगों को जगाया। उनका एक ही संदेश था एक ओंकार सतनाम, करता पुरख यानी रब वाहेगुरु, भगवान, अल्लाह एक हैं।

गुरु जी ने साफ कहा-न हम हिंदू न मुसलमान, अल्लाह राम के पिंड प्राण। यानी न मैं हिंदू हूं, न मुसलमान हूं, मैं तो उस एक रब का बंदा हूं, जो हिंदू के राम में भी है और मुसलमान के अल्लाह में भी। हम सब उसी एक रब के बच्चे हैं। यात्रा के दौरान एक बार गुरु नानक देव जी भाई मरदाना जी के साथ हरिद्वार पहुंचे। वहां लोग गंगा में खड़े होकर सूरज की तरफ पानी उछाल रहे थे। उनका मानना था कि ये पानी उनके मरे हुए पुरखों तक पहुंचेगा।



गुरु नानक देव जी ये देखकर मुस्कुराए और वो भी गंगा में खड़े होकर उल्टी दिशा में, पश्चिम की तरफ पानी उछालने लगे। लोगों ने देखा तो हंसने लगे, बोले-बाबा, तुम ये क्या कर रहे हो? पानी तो सूरज की तरफ देते हैं, तुम उल्टा पानी क्यों फेंक रहे हो? गुरु जी बोले-मैं अपने खेतों को पानी दे रहा हूं, जो पंजाब के करतारपुर में हैं। लोग बोले- बाबा, तुम पागल हो गए हो? यहां का पानी तुम्हारे पंजाब के खेतों तक कैसे पहुंचेगा? तब गुरु जी बोले- अगर तुम्हारा पानी लाखों मील दूर सूरज तक और तुम्हारे पुरखों तक पहुंच सकता है, तो मेरा पानी मेरे पंजाब के खेतों तक क्यों नहीं पहुंच सकता? वो तो यहां से बहुत नजदीक हैं। ये सुनकर सबकी आंखें खुल गईं। गुरु जी ने इसी तरह पूरी जिंदगी समाज से अंधविश्वास, पाखंड, जात-पात और ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाया।

उन्होंने कहा-कोई ऊंचा नहीं, कोई नीचा नहीं, सब बराबर हैं। गुरु जी ने कहा मेहनत करो, नाम जपो, वंड छको। बिना किसी प्रचार माध्यम के गुरु जी ने पूरे संसार को एक माला में पिरो दिया। जो आज भी उनकी बाणी श्री गुरु ग्रंथ साहिब में सबको एकता का रास्ता दिखाती है।

-हरमन्दर सिंह, खासपुरा



गंगा मैया में दूध प्रवाहित कर मेले का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल।

गंगा स्नान का हमारी संस्कृति में है विशेष स्थान, गंगा मैया की पवित्रता का रखें ध्यान - तपराज देशवाल

पूजन एवं दूध प्रवाहित कर किया गंगा स्नान मेले का उद्घाटन

नांगल सोती (चिंगारी)। रविवार की शाम 5 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पतित पावनी गंगा मैया में दूध प्रवाहित करके विधि-विधानपूर्वक दो दिवसीय गंगा स्नान मेले का उद्घाटन किया गया। कल 24 नवम्बर को मुख्य गंगा स्नान है और 25 नवम्बर को (परसों) गुदड़ी मेले का आयोजन होगा।

सर्वप्रथम पं. हर्षवर्धन बूटी ने विधि-विधानपूर्वक गंगा पूजन कराया। पं. माधव शुक्ला ने सहयोग किया। मुख्य यजमान मेला संयोजक ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल रहे। गंगा पूजन के उपरान्त मुख्य यजमान सहित अन्य व्यक्तियों ने गंगा मैया में दूध प्रवाहित करके मेले का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान की परम्परा हमारी संस्कृति में पुरातन है, इससे व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति होती है। गंगा स्नान का मेला सद्भाव, प्रेम एवं एकता का संदेश देता है।

ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने श्रद्धालुओं से पतित पावनी गंगा मैया की निर्मलता एवं पवित्रता को बनाये रखने का आहवान किया। सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, गार्विन चौधरी, सिंधुराज चौधरी, गौतम कुमार उर्फ लाला, अनुज चौधरी, ईशम चौधरी, सचिन चौधरी, वीरेन्द्र शर्मा, गगन कर्णवाल, अरविन्द विश्वकर्मा, सुधीर चौधरी, सत्यपाल राजपूत, राहुल हुड्डा, प्रशांत चौधरी, अर्पण कुमार, हेमेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, अवनीश जोशी, जितेन्द्र पाल सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

वन विभाग ने पिंजरे लगाये

वन विभाग नजीबाबाद प्रभाग की राजगढ़ रेंज ने गुलदार से श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु मेले के रास्ते में पिंजरे लगाये हैं। क्षेत्रीय वन दरोगा योगेश कुमार ने बताया कि फिलहाल रास्ते के किनारे पर सुनसान स्थानों पर दो पिंजरे लगाये गये हैं। उपलब्धता के आधार पर और पिंजरे भी लगाये जायेंगे। गुलदारों के खतरे को देखते हुए वनकर्मियों को लगातार गश्त करने के निर्देश दिये गये हैं।



वीर सिंह डबास बने भाकियू टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव

बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने ग्राम राजपुरा, नगीना निवासी वीर सिंह डबास को संगठन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का महासचिव मनोनीत किया है। संगठन ने उनकी मेहनत, लगन और किसान हितों के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। वीर सिंह डबास इससे पहले नगीना तहसील अध्यक्ष और कोतवाली ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। उनके मनोनयन पर संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि वह नई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगे। संगठन ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

14 बैटरियों के साथ एक आरोपी गिरफ़्तार



बिजनौर (चिंगारी)। नगीना देहात थाना पुलिस ने बैटरी चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 12 बड़ी और दो छोटी बैटरियों के साथ वारदात में इस्तेमाल एक सफेद-नीले रंग का ई-रिक्शा भी बरामद किया है।

रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में एएसपी देहात गौतम राय ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 नवंबर को सचिन विश्नोई निवासी ग्राम मोहल्ला विश्नोई सराय नगीना ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी। आरोप था कि चार बसों से आठ बैटरियां चोरी की गईं। इसके अलावा ग्राम कोटकादर निवासी सोनू कुमार के महिंद्रा ट्रैक्टर और ग्राम चंदनवाला निवासी रिंकू के डंपर से भी एक-एक बैटरी चोरी की गई थी। इस संबंध में थाना नगीना देहात पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

उन्होंने बताया कि 22 नवंबर को विवेचनात्मक कार्रवाई के दौरान पुलिस ने प्रकाश में आए आरोपी दिलशाद पुत्र इकरार निवासी ग्राम कोटकादर, थाना नगीना देहात को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी की निशानदेही पर नगीना देहात थाना क्षेत्र से चोरी की गईं 12 बड़ी बैटरियां तथा बढ़ापुर थाना क्षेत्र से चोरी की गईं दो छोटी बैटरियां बरामद हुईं। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक सफेद-नीले रंग का ई-रिक्शा भी बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी दिलशाद ने बताया कि उसके द्वारा नगीना देहात थाना क्षेत्र से 12 बड़ी बैटरियां और बढ़ापुर थाना क्षेत्र से दो छोटी बैटरियां चोरी की गई थीं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दिलशाद का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ नगीना देहात थाने में मुकदमा अपराध संख्या 269/2026 धारा 303 (2) बीएनएस तथा बढ़ापुर देहात थाने में मुकदमा अपराध संख्या 202/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामले दर्ज हैं।

फिल्म 'श्याम सरकार' का पोस्टर लॉन्च किया

बिजनौर (चिंगारी)। बाबा खाटू श्याम की महिमा और चमत्कारों पर आधारित हिंदी फिल्म 'श्याम सरकार' का पोस्टर बिजनौर की नई बस्ती स्थित खाटू श्याम मंदिर में रिलीज किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. नवनीत गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। फिल्म रे-फिल्म्स मुंबई के बैनर तले प्रस्तुत की जा रही है। फिल्म के लेखक, निर्माता, निर्देशक एवं मुख्य अभिनेता आलोक गोविल हैं। फिल्म में वह बर्बरीक की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में बाबा श्याम के विभिन्न स्वरूपों- बर्बरीक, भिखारी, डॉक्टर और व्यापारी के माध्यम से भक्तों पर बाबा की कृपा और जीवन में घटित चमत्कारों को दर्शाया गया है। पोस्टर, लॉचिंग के दौरान फिल्म से जुड़े एसोसिएट डायरेक्टर मनोज शर्मा, गीतकार के.के. रंजन, बॉलीवुड अभिनेता अभिनेता ताहिर कमाल खान, जाबिर सलमानी, प्रोडक्शन मैनेजर अशोक आर्य, सौरभ, चारुदत्त आर्य, धीर सिंह, पंडित कौशल शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता सहित टीम के फिल्म से जुड़े हुए अन्य सदस्य शामिल रहे। फिल्म की शूटिंग जनपद बिजनौर,पानीपत और राजस्थान में खाटू में की जा रही है।



जैविक खेती अपनाकर उत्पादन व आमदनी बढ़ायें किसान -साकेंद्र

डीएम ने अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के दिए निर्देश

रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेले में हजारों किसानों ने किया प्रतिभाग

बिजनौर (चिंगारी)। विदुर कुटी घाट, दारानगर गंज में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2026 एवं एग्रो क्लाइमेटिक जनपद स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि साकेंद्र प्रताप चौधरी एवं जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने फीता काटकर किसान मेले का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि ने किसानों से रबी सीजन की प्रमुख फसलों गेहूं और सरसों की समय से बुवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय पर बुवाई करने से फसलों की पैदावार बेहतर होती है। किसानों को जैविक खेती के साथ-साथ आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

किसान को ट्रैक्टर की चाबी सौंपकर किया सम्मानित

कार्यक्रम में कस्टम हायरिंग सेंटर योजना के अंतर्गत ग्राम हमीदपुर, विकास खंड मोहम्मदपुर देवमल निवासी आदित्य सिंह



पुत्र जितेंद्र सिंह को चार लाख रुपये के अनुदान पर ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की गई।

पराली न जलाएं, जैविक खाद बनाकर बढ़ाएं मिट्टी की उर्वरता-डीएम

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों में संचालित सभी योजनाओं का किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। कृषि वैज्ञानिक किसानों को आधुनिक एवं नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें।

उन्होंने पराली प्रबंधन पर जोर देते हुए किसानों से फसल अवशेषों को न जलाने और उनसे जैविक खाद तैयार करने की अपील की। कहा कि जैविक खाद के प्रयोग से खेतों की मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी और उत्पादन में भी वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण कराने के बाद ही आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों का इस्तेमाल करने की सलाह दी।

वैज्ञानिक तरीके से खेती कर बढ़ाएं किसानों की आय

मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने किसानों से कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ही फसलों में उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर खेती की लागत कम करने के साथ उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं उनमें मिलने वाले अनुदान की जानकारी दी।

रबी फसलों की बुवाई और रोग नियंत्रण की दी जानकारी

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के प्रभारी डॉ. केके सिंह ने किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती, बुवाई के उचित समय और बुवाई के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों से बचाव के उपाय भी बताए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल ने पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, एआर कोऑपरेटिव राजवीर सिंह ने सहकारिता विभाग के माध्यम से उपलब्ध उर्वरकों के संबंध में किसानों को अवगत कराया। जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने कृषि निवेश एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से गन्ने के साथ सहफसली खेती, विशेषकर तिलहनी फसलों की बुवाई करने का आह्वान किया।

विवेक अस्पताल में हुआ ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

सायरन बजते ही अलर्ट हुए अधिकारी-कर्मचारी

बिजनौर (चिंगारी)। आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने और विभिन्न विभागों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से रविवार को नूरपुर रोड स्थित विवेक अस्पताल में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान शाम ठीक छह बजे अस्पताल परिसर में सायरन बजाया गया।



सायरन की आवाज सुनते ही मौके पर मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग अलर्ट हो गए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान आपातकालीन स्थिति में आग लगने का दृश्य तैयार किया गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया। वहीं, नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने राहत एवं बचाव कार्य करते हुए घायल व्यक्तियों को स्ट्रेचर की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस से निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें तत्काल आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया।

सभी विभागों की तैयारियों और आपसी समन्वय को परखा

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह मॉकड्रिल आयोजित की गई। इसके माध्यम से विभिन्न विभागों की तैयारियों, आपसी समन्वय और संकट के समय तत्काल प्रतिक्रिया देने की क्षमता का परीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि अभ्यास में अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य एवं सूचना विभाग के साथ एनसीसी कैडेट्स, पूर्व सैनिकों और अस्पताल प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने उन्हें सौंपे गए दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

शिक्षामित्र का बेटा बना पुलिस में आरक्षी, गांव में खुशी की लहर

हरेवली (चिंगारी)। निकटवर्ती ग्राम भागोता निवासी शिक्षामित्र नूतन देवी के पुत्र अंशुल कुमार का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर हुआ है। उत्तर प्रदेश पुलिस की सीधी भर्ती में सफलता हासिल कर अंशुल ने अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजन, रिश्तेदार और शुभचिंतक घर पहुंचकर अंशुल को बधाई दे रहे हैं।

अंशुल की माता नूतन देवी ने बताया कि उनका



पुत्र शुरू से ही मेहनती और कुशाग्र बुद्धि का रहा है। अंशुल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त की। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण उसने घर पर रहकर ही मेहनत और लगन के साथ परीक्षा की तैयारी की। अंशुल के जीवन की यह पहली भर्ती परीक्षा थी, जिसमें उसने सफलता हासिल कर पुलिस विभाग में आरक्षी बनने का सपना साकार किया। अंशुल की इस सफलता पर ग्रामीणों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विदुर कुटी घाट पर आस्था, उल्लास और मनोरंजन का संगम



मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए डीएम व जिला पंचायत प्रशासक।



मां गंगा के जल का स्पर्श करते हुए डीएम जोगिन्दर सिंह।



गंगा की रेती में कबडडी खेलते युवक।

कबड्डी-कुश्ती के साथ डीजे की धुन पर थिरके युवा

बिजनौर/गंज (चिंगारी)। महात्मा विदुर की पावन तपोभूमि पर आयोजित कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले में तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। गंगा के पावन तट पर आस्था, उल्लास और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। एक ओर श्रद्धालु मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मेले में लगे विभिन्न शिविरों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मेले में पहुंचे युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं ने गंगा की रेती में कबड्डी और कुश्ती के मुकाबले कर अपनी खेल प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया। वहीं गंगा स्नान करने के बाद युवाओं ने दिनभर मेले में घूमकर जमकर आनंद लिया। कुछ युवा अपने-अपने ट्रैक्टरों पर डीजे लगाकर मेले में पहुंचे, जहां डीजे की धुन पर नाचते-गाते युवाओं ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। युवाओं का यह अंदाज मेले में आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसके अलावा मेले में लगी खानपान की दुकानों पर भी ग्राहकों की खूब भीड़ उमड़ रही है। जलेबी, पकौड़ी और मूंगफली की दुकानों पर लोग खरीदारी करते नजर आए। परिवारों और बच्चों ने भी मेले में घूमकर विभिन्न व्यंजनों और मनोरंजन के साधनों का लुत्फ उठाया। कुल मिलाकर मेले में दिनभर चहल-पहल और उत्साह का माहौल बना रहा।

डीएम ने गंगा घाट पर पहुंचकर मां भागीरथी को किया नमन

महाराजा टैंट का निरीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी गंगा स्नान घाट पर पहुंचे, यहां उन्होंने मां गंगा के पवित्र जल को स्पर्श कर श्रद्धापूर्वक प्रणाम किया। इस दौरान चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। गंगा तट पर मां भागीरथी के किनारे बनाई गई मां गंगा की आकर्षक और भव्य रंगोली ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह और अन्य अधिकारियों ने रंगोली के समीप खड़े होकर फोटो भी खिंचवाए। मेले में आस्था के साथ सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का यह नजारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बना हुआ है।

शिक्षाविद् कुमारी विजय रानी विश्नोई का निधन

डा. धैर्य विश्नोई की बुआ थीं विजयरानी विश्नोई



बिजनौर (चिंगारी)। नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. धैर्य विश्नोई की बुआ जी, क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं कला अध्यापिका कुमारी विजय रानी विश्नोई का 21 नवंबर को रात्रि 9 बजे निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। विजय रानी विश्नोई एक समर्पित, विदुषी एवं बहुमुखी प्रतिभा की धनी शिक्षिका थीं। उन्होंने अपने दीर्घ शिक्षण कार्यकाल में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बिजनौर तथा किरतपुर इंटर कॉलेज में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वे मुख्य रूप से चित्रकला एवं ड्राइंग के साथ-साथ संस्कृत विषय की भी कुशल अध्यापिका रहीं। उन्होंने अपने ज्ञान, कला-कौशल एवं शिक्षण के प्रति समर्पण से अनेक छात्राओं एवं विद्यार्थियों के जीवन को दिशा प्रदान की। उनके द्वारा दी गई शिक्षा, संस्कार और कलात्मक प्रेरणा उनके विद्यार्थियों के जीवन में सदैव जीवित रहेंगे। उनका सरल व्यक्तित्व, ज्ञान के प्रति निष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति स्नेहपूर्ण व्यवहार सदैव स्मरण किया जाएगा। चिंगारी परिवार ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके असंख्य शुभचिंतकों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता है।

गंगा की स्वच्छता का संदेश दिया



स्व. विजय रानी विश्नोई के अंतिम संस्कार के अवसर पर डा. धैर्य विश्नोई ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। अंतिम संस्कार के बाद आमतौर पर लोग अंत्येष्टि की अनुपयोगी सामग्री जैसे प्लास्टिक, पन्नी, कपड़े, अधजली लकड़ी आदि गंगा घाट पर छोड़कर चले जाते हैं। डा. धैर्य विश्नोई ने एक नई पहल करते हुए अपनी बुआ जी की अंत्येष्टि के बाद बचा हुआ सारा सामान एकत्रित किया और उसे यथास्थान पहुंचाया। गंगा को निर्मल रखने का उनका यह गिलहरी प्रयास प्रेरणादायक रहा।

कथा के समापन पर हुआ भण्डारा



नगीना (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला बिश्नोई सराय स्थित पंजाबी धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर रविवार को शिव मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व पंडित विजय भारत ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराई। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान धार्मिक वातावरण बना रहा। आयोजन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सतीश मल्होत्रा उर्फ शेरू, दिनेश बिश्नोई, सुनील गोयल, राजकुमार बिश्नोई, संजीव थापन उर्फ बॉबी, संजीव मेहता, रमेश मेहता, साहू अनुभव अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

620 लोगों को चश्मे वितरित किये



चांदपुर (चिंगारी)। आभा फाउंडेशन द्वारा 15 नवंबर को फीना स्थित हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित 12वें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आंखों की जांच कराने वाले लोगों को नि:शुल्क चश्मों का वितरण किया गया। आभा फाउंडेशन की ओर से 29 नवम्बर को ग्राम खददन स्याली में 13वें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर को आयोजित इस शिविर में लगभग 1260 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई थी। जांच के दौरान 180 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया था, जबकि 620 लोगों को चश्मे की आवश्यकता पाई गई थी। इसके अलावा 800 लोगों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया था। चश्मे प्राप्त करने वाले लोगों ने आभा फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया।

शेख मंजिल पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई मुलायम सिंह यादव की जयंती

अफजलगढ़ (चिंगारी)। उ.प्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन, क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शेख सुलेमान के नगर स्थित आवास 'शेख मंजिल' पर सपा के संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शेख सुलेमान ने कहा कि नेताजी सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने कहा कि सैफई से निकलकर तीन बार मुख्यमंत्री और देश का रक्षामंत्री बनना, गरीब, किसान, दलित एवं पिछड़े वर्ग की ताकत का प्रतीक है। शेख सुलेमान ने आगे कहा कि नेताजी ने सिखाया था कि राजनीति कुर्सी के लिए नहीं, जनता की सेवा के लिए होती है और उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए उनकी जयंती पर हम संकल्प लेते हैं कि समाजवादी विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाते हुए 2027 में समाजवादी सरकार बनाकर नेताजी के सपनों को साकार करने का काम करेंगे। कार्यक्रम को बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष शेख इस्लामुद्दीन, शेख निजाम, शेख अब्दुल्ला, शेख फैसल, शेख जुनेद आदि ने भी सम्बोधित किया।



स्व. मुलायम सिंह यादव

अग्रबंधु समाज ने धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती

भव्य शोभायात्रा निकाली, झांकियों ने मन मोह लिया

धामपुर (चिंगारी)। अग्रवाल सभा एवं युवा अग्रबंधु समाज के संयुक्त तत्पावधान मे अग्रवंश शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा का बुके भेंट करके स्वागत किया गया। विधायक अशोक राणा ने धर्मशाला परिसर में स्थापित महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

नहटौर रेलवे क्रॉसिंग के निकट अगवाल धर्मशाला मे कार्यक्रम प्रभारी ललित गर्ग एवं राघव शरण गोयल के संयोजन में जयंती समारोह का शुभारंभ सामूहिक हवन यज्ञ से किया गया, जिसके मुख्य यजमान अग्रवाल सभा के सचिव सुनील कुमार अग्रवाल एवं उनकी पत्नी मीरा अग्रवाल रहे।

अन्य यजमानों की भूमिका अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संतोष कुमार धनोरिया एवं कोषाध्यक्ष मनोज बंसल युवा अग्रबंधु समाज के अध्यक्ष रुचिन अग्रवाल सचिव अश्वनी मित्तल एवं कोषाध्यक्ष सौम्य अग्रवाल के अलावा वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन समाजसेवी कृष्णकांत गुप्ता लाज वाले युवा समाजसेवी ललित गर्ग आदि रहे। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता भी अपनी पत्नी पुष्पा गुप्ता तथा अन्य परिजनों सहित उपस्थित रहे।

हवन यज्ञ के पुरोहित दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ रहे। सायं 6 बजे युवा अग्रबंधु समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख उदित नारायण सिंह अग्रवाल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र धनोरिया, सुनील अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से किया। शोभायात्रा में बाणधारी महाराज, तीन भंडारी राजा बर्बरीक, अशोक वाटिका में मां सीता और हनुमान जी, मां लक्ष्मी और विष्णु जी, ताड़का वध की झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा में एक बग्गी में महाराजा अग्रसेन का स्वरूप धारण किए हुए कलाकार विराजमान रहे।

शोभायात्रा में शामिल अखाड़ा श्री मंदिर ठाकुरद्वारा बजरिया के उस्ताद विवेक कात्यायन व खलीफा मनोज अग्रवाल को अनिल अग्रवाल अमरीश सिंघल, मोहित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल, रुचिन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल आदि ने पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। शोभायात्रा में शामिल कलाकारों ने करतब दिखाए। देर रात शोभायात्रा अग्रवाल धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।


जयंती के अवसर पर विधायक अशोक राणा महाराजा अग्रसेनजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए।


खलीफा को पगड़ी बांधते हुए अगबन्धू।




शोभायात्रा में शामिल झांकियां।

सीबीएसई बोर्ड द्वारा विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



धामपुर (चिंगारी)। शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वावधान में तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन श्रीमती अनीता सिवाच (प्रधानाचार्या, ग्लोबल वालिया एकेडमी, नजीबाबाद) एवं श्रीमती कविता (वरिष्ठ शिक्षिका, ए.एन. इंटरनेशनल स्कूल, बिजनौर) ने अपने अनुभवों एवं ज्ञान के माध्यम से शिक्षकों को तनाव प्रबंधन के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, नियमित दिनचर्या एवं संतुलित व्यवहार के माध्यम से तनाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भारती यादव ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण भी करते हैं। एक शिक्षक का योगदान किसी भी समाज और राष्ट्र की उन्नति की आधारशिला होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है, इसलिए यह आवश्यक है कि शिक्षक स्वयं भी मानसिक रूप से स्वस्थ, प्रसन्नचित्त और सकारात्मक रहें।

कार्यशाला में शिखर शिशु सदन के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ प्रियंका स्कूल, पुष्प निकेतन स्कूल, मॉडर्न एरा स्कूल बिजनौर एवं पी.डी.एम. कॉन्वेंट स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती तारा, जितेंद्र सिंह, अंकित शर्मा, गौरव चौहान, राकेश बल्दानिया, श्रीमती संतोष शर्मा, अर्जुन वर्मा, कबीर, संजय वर्मा, श्रीमती अनीता, श्रीमती अक्षिता चौहान, शोभित सिंह का विशेष सहयोग रहा।

डीएम कार्यालय में हुई शिवम विश्नोई की नियुक्ति

धामपुर (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला बाड़वान निवासी शिवम विश्नोई पुत्र स्वर्गीय सुरेश विश्नोई की नियुक्ति जिलाधिकारी बिजनौर,कार्यालय में कनिष्क सहायक पद पर हुई हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित समारोह में उनको नियुक्ति पत्र दिया। उनकी नियुक्ति पर धामपुर के विश्नोई परिवार ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। परिजनों के अनुसार शिवम ने प्रारम्भिक शिक्षा रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज धामपुर में प्राप्त की। शिवम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजन, माता जी रीता विश्नोई को दिया है। यह जानकारी उनके भाई सौरभ विश्नोई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।


शिवम विश्नोई

'स्टॉप वायलेंस अगेंस्ट वुमन' थीम पर आयोजित किया वॉकथॉन

धामपुर (चिंगारी)। अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के गौरवशाली शतकीय समारोह (शताब्दी वर्ष) के उपलक्ष्य में आर.एस.एम. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं गांधी नारी कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'स्टॉप वायलेंस अगेंस्ट वुमन' की मुख्य थीम के साथ जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आर.एस.एम. कॉलेज परिसर से हुआ, जिसे महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वॉकथॉन से पूर्व, गांधी नारी कल्याण समिति की ओर से सभी प्रतिभागियों को AIWC की विशेष सफेद टी-शर्ट वितरित की गईं। सफेद टी-शर्ट और काले ट्राउज़र के ड्रेस कोड में सजे छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर 'महिला सशक्तिकरण', 'नारी सम्मान' और 'महिला हिंसा बंद करो' जैसे नारे लगाते हुए पूरे नगर को जागरूक किया।



इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के 100 वर्ष पूर्ण होना नारी शक्ति की जीत है। 'स्टॉप वायलेंस अगेंस्ट वुमन' के संदेश के साथ निकाला गया यह वॉकथॉन समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समानता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगा। यह वॉकथॉन आर.एस.एम. कॉलेज से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए डी.पी.एस., धामपुर पहुंचकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु त्रिपाठी तथा छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में रसायन विभाग की डॉ. सुमेधा चौहान, महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. देवेश पाठक एवं डॉ. विवेक यादव का विशेष सराहनीय सहयोग रहा।

धूमधाम से मनाया गया आरजेपी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

छात्रों ने पेश किये शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम







बिजनौर (चिंगारी)। अंतरराष्ट्रीय स्तर तक बिजनौर का नाम ऊंचा करने वाले देश के प्रथम भारतीय चीफ़ इंजीनियर राजा ज्वाला प्रसाद जी की 154 वीं जयंती पर आरजेपी इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। सर्वप्रथम छात्रों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल्स की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्वाति वीरा महाजन, वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हनी फ़ैसल, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, प्रबंध समिति सदस्य एडवोकेट प्रशांत गोयल, वीरा चैरिटेबल सोसायटी के सदस्य प्रवीन गुप्ता, कैप्टन बिशनलाल प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ़ ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने राजा ज्वाला प्रसाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सह जिला विद्यालय निरीक्षक ललित कुमार ने कहा कि राजा ज्वाला प्रसाद आर्य जी के सपनों को पूरा करने के लिए कुंवर उदयन वीरा एवं मुरादाबाद लोकसभा की सांसद कुंवरानी रुचि वीरा सार्थक प्रयास कर रहे हैं। उनके सार्थक प्रयासों की बदौलत आज ग्रामीण आंचल के किसान मजदूर वर्ग के बच्चों को बड़ी ही सुलभता के साथ शिक्षा मिलने का महान कार्य हो रहा है। उन्होंने छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किए गए सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए आयोजन की सफलता के लिए प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व तथा विद्यालय के स्टाफ की टीम भावना की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। मुख्य अतिथि एवं सचिव एफएम रेडियो संदेश 89.6 स्वाति वीरा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रसंशा करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व, करियर और समाज के विकास का सबसे मज़बूत आधार है। यह केवल किताबी ज्ञान नहीं देती, बल्कि सही-गलत की पहचान करने की समझ और आत्मविश्वास भी बढ़ाती है। प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में अभिभावकों का विद्यालय में आना तथा समाज के गणमान्य नागरिकों का उपस्थित होकर छात्रों को आशीर्वाद देना कार्यक्रम की सबसे बड़ी सफलता है। इस अवसर पर वीरा चैरिटेबल सोसायटी द्वारा संचालित सभी संस्थाओं के प्राचार्य प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यगण के अतिरिक्त कृष्णा कॉलेज के प्रबंध निदेशक पवन कुमार चौहान, आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज शाहबाजपुर के प्रबंधक संजीव कुमार, सुनील भारद्वाज, डॉ. सुबोधचंद्र शर्मा, टीकम सिंह सेंगर, वरिष्ठ पत्रकार शकील अहमद, अवनीश गौड़, सेवानिवृत शिक्षक एसके भटनागर, शेखर चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य ओमपाल सिंह, कैलाशचंद्र, वर्धमान कॉलेज के प्रोफेसर सुनील कुमार जोशी, डॉक्टर सोनल शुक्ला, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहित शर्मा, विदुर कुटी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री कैलाश चंद्र आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य बालेश कुमार, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु कुमार, नरेंद्र कुमार, सुभाष बाबू राजपूत, सुधीर कुमार, मनोज कुमार यादव, डॉ. सुनील कुमार, विनोद कुमार यादव, तेजपाल सिंह, भूपेंद्रपाल सिंह, विरेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, नरेश कुमार भोलानाथ, मोहम्मद अनस, वाजिद हुसैन, लक्षेश, अलका रानी, रश्मि, प्रभा, छवि गर्ग, कुमुद गुप्ता, जयप्रकाश पटेल, सुरेन्द्र कुमार आदि की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन मनोज यादव ने किया।

महफूज अहमद बने नगीना तहसील अध्यक्ष

नगीना में अल्वी समाज सोसाइटी की सभा आयोजित



हाफिज इमरान और मसरूफ को समानित करते डा.अमानत अली।

नगीना (चिंगारी)। अल्वी समाज सोसाइटी की सभा में महफूज अहमद को सोसाइटी का तहसील अध्यक्ष बनाया गया। मोहल्ला छिप्पीपाड़ा में नगर पालिका सदस्य महफूज अहमद के आवास पर सभा का आयोजन हुआ। सभा की अध्यक्षता चेयरमैन एवं जिलाध्यक्ष डॉ.अमानत अली ने और संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष इकरार अहमद प्रधान ने किया। जिलाध्यक्ष डॉ.अमानत अली ने महफूज अहमद को नगीना तहसील का अध्यक्ष मनोनीत कर उन्हें शाल ओढ़ाकर व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। सभा में मुरादाबाद जिलाध्यक्ष जीशान अली ने समाज की आर्थिक स्थिति और शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा और आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। नगीना तहसील अध्यक्ष महफूज अहमद के दोनों पुत्र हाफिज इमरान और हाफिज मसरुफ को कुरान मुकम्मल करने पर डॉ.अमानत अली ने फूलमाला और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। समाज के लोगों ने तालियों से उनका स्वागत किया। सभा में सोसाइटी के मिशन पर भी चर्चा हुई। डॉ.अमानत अली ने कहा कि सोसाइटी का मिशन समाज में शिक्षा और आर्थिक स्थिति को अच्छा बनाना है। इसके लिए युवाओं को कोई हुनर सीखकर अपना कौशल विकास करना चाहिए और समाज में जागरुकता लानी है। सभा में आशिक अली, जावेद अली, साजिद इंजीनियर, फईम, फिरोज, शाने आलम पदाधिकारी मौजूद रहे। सभा में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

सभी पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना सुनिश्चित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए-डीएम



बिजनौर (चिंगारी)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में रविवार को जनपद के सभी मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिंदर सिंह ने जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नये एवं युवा मतदाताओं तथा महिलाओं से संवाद कर उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची में सभी पात्र व्यक्तियों का नाम शामिल कराना सुनिश्चित किया जाए। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान दिवस का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ प्राथमिक विद्यालय निजामतपुरा उर्फ गंज स्थित बूथ संख्या 341, 343 एवं 344 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित पाए गए। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान पात्र नागरिकों, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं एवं महिलाओं से संपर्क स्थापित करते हुए अधिक से अधिक नए मतदाताओं के पंजीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं नियमानुसार निस्तारण किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि जिन पात्र नागरिकों का नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, संबंधित तहसील अथवा अपने बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं आवश्यक संशोधन के लिए आवेदन किया जा सकता है।



मुलायम सिंह को याद किया

चांदपुर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षामंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। यहां हल्दौर चौराहे पर हाजी मोहसिन अंसारी के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने स्व. मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हाजी मोहसिन अंसारी, शकील पहलवान, समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष नाजिम खान, पूर्व नगर अध्यक्ष शेख शमीम अहमद, मोमिन खान, बहार आलम, समीर, सुहैल मीर साहब, अब्दुल गनी, मौ. तालिब, धर्मेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वीरा कॉलेज के छात्रों ने एकेटीयू जोनल फेस्ट 2026 में जीते मेडल



बिजनौर (चिंगारी)। कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर के छात्रों ने IIMT मेरठ में आयोजित डॉ. अब्दुल कलाम इंटर टेक्निकल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 (ज़ोनल स्तर) के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया, जिसमें100 मीटर रेस में कुलवीर त्यागी, 200 मीटर रेस में पंकज कुमार, 800 मीटर रेस में सूरज कुमार और भाला फेंक में अनमोल भारती ने सिल्वर मेडल प्राप्त किए। इसी प्रकार रिले रेस में भी कुलवीर त्यागी, पंकज कुमार, सूरज कुमार और ऋशांत ने सिल्वर मेडल प्राप्त किए। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय निदेशक प्रो. डा. अमित कुमार बंसल व स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. अभिषेक चौधरी व विवेक कुमार एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल को दिया है। कॉलेज के सचिव कुंवर उदयन वीरा एवं कु. रुचिवीरा व रेडियो संदेश सचिव स्वाति वीरा महाजन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ. शुएब अली खान, अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं सरिता बंसल, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई।

भाजपा नेताओं ने चलाया मतदाता जोड़ो अभियान

नये वोट बनवाने के साथ त्रुटियों में कराया सुधार



नगीना (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे मतदाता जोड़ो अभियान के तहत रविवार को नगीना विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 330 पर विशेष अभियान चलाया गया। भाजपा के प्रांतीय पार्षद एडवोकेट रोहित कुमार रवि और पूर्व विधायक सतीश गौतम ने नवयुवकों एवं छात्र-छात्राओं के नये मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए फॉर्म संख्या छह भरवाए। वहीं, पुराने मतदाता पहचान पत्रों में नाम, पता एवं अन्य त्रुटियों को ठीक कराने के लिए फॉर्म संख्या आठ भरवाए गए। इस अवसर पर रोहित रवि ने बताया कि भाजपा की ओर से व्यापक स्तर पर मतदाता जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 21, 22 और 23 नवंबर को विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता अपने गृह बूथों के साथ पार्टी द्वारा आवंटित बूथों पर पहुंचकर नये मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही जिन मतदाताओं के पहचान पत्रों में किसी प्रकार की त्रुटि है, उन्हें ठीक कराने के लिए भी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। इस मौके पर संदीप कुमार, अमूल नंदा, करण कुमार, निमरत कौर, मुन्ने सिंह, रोहन कुमार, अभिषेक कुमार सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

के.एस. चिल्ड्रेन्स अकेडमी में भव्यता के साथ आयोजित हुआ वार्षिक खेल महोत्सव

बिजनौर (चिंगारी)। के.एस. चिल्ड्रेन्स अकेडमी, कोतवाली देहात में रविवार, 22 नवंबर 2026 को वार्षिक खेल महोत्सव 'शक्ति प्रदर्शन-04' का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन, साहस, एकता, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने मैनेजर कपिल अग्रवाल एवं अकादमिक डायरेक्टर नम्रता अग्रवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में नीरा तोमर, प्रधानाचार्य डॉ.सरजीत सिंह, प्रधानाचार्य संजीव कुमार राठी, प्रधानाचार्या भारती सिंह व अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

खेल महोत्सव का एक विशेष आकर्षण खेल घोषणा समारोह रहा, जिसे अत्यंत रोमांचक एवं यादगार अंदाज में आयोजित किया गया। के.एस चिल्ड्रंस अकेडमी व दिल्ली पब्लिक स्कूल मैनेजर कपिल अग्रवाल, अकादमिक डायरेक्टर नम्रता अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा गुब्बारे आकाश में उड़ाकर तथा कबूतरों को मुक्त कर खेल महोत्सव की औपचारिक घोषणा की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य, संगीत एवं मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, 100 मीटर रिले रेस, 4400 मीटर रिले रेस तथा बोरी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम का सबसे रोमांचक मुकाबला टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) रहा, जिसमें चारों सदनों के प्रतिभागियों ने अपनी पूरी ताकत, टीम भावना और सामूहिक एकजुटता का परिचय दिया। खेलों का संचालन क्रीड़ा अधिकारी शंकर कुमार व खुशबू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉर्डिनेटर मानसी अग्रवाल, छात्रा इकरा बाटुल व प्राणिका के द्वारा किया गया।



चिंगारी
(सांध्य दैनिक), बिजनौर
23 नवम्बर 2026



स्पोर्ट्स



भारत ने थाईलैंड को 7-0 से रौंदा

भोपाल (एजेंसी/चिंगारी)। रविवार को भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में, मौजूदा चैंपियन भारत ने थाईलैंड को 7-0 से करारी शिकस्त देकर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दीपिका (10वें, 11वें, 56वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई, नवनीत कौर (चौथे और 56वें मिनट) ने दो पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जबकि मुमताज खान (28वें मिनट) और सुनेलिता टोप्पो (32वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने मैदान के किनारे से पूरे आत्मविश्वास के साथ टीम का मार्गदर्शन किया और



गर्व से मुस्कुराए। भारत ने आक्रामक इरादे के साथ शुरुआत की, गेंद को तेजी से फ्लैंक्स (किनारों) की ओर बढ़ाया और तुरंत थाईलैंड के डिफेंस पर दबाव बना दिया। लगातार सर्कल में प्रवेश करने और बेहतरीन शॉर्ट-पासिंग के कारण, चौथे मिनट में ही मेजबान टीम को पेनल्टी स्ट्रोक का मौका मिला, जिसे नवनीत ने आसानी से गोल में बदल दिया। थाईलैंड की गोलकीपर सिराया यिमक्राजांग ने कुछ बचाव जरूर किए, लेकिन मेजबान टीम लगातार हमले करती रही। 10वें मिनट में दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। अगले ही मिनट में उन्होंने एक और सेट-पीस मौके को गोल में बदलकर भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया। इसके बाद नवनीत के एक रिवर्स-स्टिक शॉट को बैक-स्टिक फाउल के कारण अमान्य करार दिया गया, लेकिन पहले क्वार्टर के अंत तक भारत ने खेल पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली थी।

गावस्कर ने पंत के शतक को सेल्यूट किया

वेलिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। एक समय था जब ऋषभ पंत के शॉट चयन पर सुनील गावस्कर अपनी नाराजगी छिपा नहीं पाते थे। लेकिन रविवार को, भारत के पूर्व कप्तान के चेहरे पर मुस्कान थी और वे तालियां बजा रहे थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक और शानदार शतक जड़ा। इसके अलावा, मैदान पर अपने साथियों के साथ पंत की मजेदार बातचीत भी टीवी स्टूडियो में चर्चा का विषय बनी रही। जब पंत ने बेसिन रिजर्व में अपना नौवां टेस्ट शतक पूरा किया, तो गावस्कर को तालियां बजाते हुए देखा गया। इस पल को साझा करते हुए ब्रॉडकास्टर ने लिखा- कठोर आलोचक, लेकिन उससे भी बड़े प्रशंसक। यह पल गावस्कर की उस मशहूर टिप्पणी से बिल्कुल अलग था, जो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान की थी। तब पंत ने एक अनावश्यक आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवा दिया था, जिस पर गावस्कर ने कहा था- बेवकूफी, बेवकूफी, बेवकूफी!



मुंबई ने छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से रौंद दिया

कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)। मुंबई ने छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से रौंद दिया। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, पिछले मैच में डक पर आउट होने वाले अंगकृष रघुवंशी ने शानदार वापसी की और नाबाद 84 रन बनाए। हार्दिक तमोरे (41) और मुशीर खान (29) ने भी अच्छा साथ दिया। इससे पहले, शिवम दुबे ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 3 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ के 17 वर्षीय खिलाड़ी विकल्प तिवारी ने 18 गेंदों में 41 रन बनाए (जिसमें आठ चौके शामिल थे), लेकिन उन्हें बाकी टॉप ऑर्डर से ज्यादा सहयोग नहीं मिला। गुजरात के खिलाफ बारिश से प्रभावित 13-13 ओवर के मैच में, ओपनर अथर्व तायडे और दानिश मलेवार ने विदर्भ के लिए चेज़ की नींव रखी। अंत में थोड़ी मुश्किल जरूर आई, लेकिन विदर्भ ने दूसरी आखिरी गेंद पर 129 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। इससे पहले, गुजरात की पारी लड़खड़ा गई थी, जबकि ओपनर आर्या देसाई (23 गेंदों में 41 रन) और उर्विल पटेल (16 गेंदों में 35 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी। पार्थ रेखाडे ने 3 विकेट लेकर गुजरात को 130 रन के अंदर ही रोक दिया। हिमाचल के कप्तान पुखराज मान ने 31 गेंदों में 61 रन बनाए। उन्होंने विपक्षी कप्तान मणिशंकर मुरासिंह के 4 विकेट लेने के कारनामे को फीका कर दिया और अपनी टीम को त्रिपुरा के खिलाफ 183 रन तक पहुंचाया। इसके बाद रोहित कुमार और आर्यमान धालीवाल ने 3-3 विकेट लिए। उन्होंने त्रिपुरा का स्कोर पहले 37/3 कर दिया और अंत में उन्हें लक्ष्य से 32 रन दूर रोक दिया, जबकि नंबर 5 पर उतरे लक्ष्य थरेजा ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक लगाया था।



हांगकांग ओपन : एंटोनसेन को वॉकओवर से पुरुष एकल का खिताब, झियी ने महिला एकल का खिताब बरकरार रखा

हांगकांग (एजेंसी/चिंगारी)। हांगकांग ओपन 2026 में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को पुरुष एकल का चैंपियन घोषित किया गया। फाइनल मुकाबले से पहले दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न ने पीठ की चोट के कारण अपना नाम वापस ले लिया, जिसके बाद एंटोनसेन को वॉकओवर मिल गया। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने रविवार को एक बयान में कहा, पुरुष एकल में दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न पीठ की चोट के कारण ली-निंग हांगकांग ओपन 2026 के फाइनल मुकाबले से हट गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी एंडर्स एंटोनसेन को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान खिताब प्रदान किया जाएगा। एंटोनसेन ने भारत के लक्ष्य सेन को 21-13, 21-13 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि वितिदसर्न ने 72 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया के मोहम्मद जकी उबैदिल्लाह को 18-21, 21-15, 21-16 से हराया था। हांगकांग में मिली यह जीत एंटोनसेन का इस साल का दूसरा बीडब्ल्यूएफ 500 खिताब है। इससे पहले उन्होंने मई में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था। उस टूर्नामेंट के फाइनल में भी उनका सामना वितिदसर्न से हुआ था, लेकिन तब डेनमार्क के खिलाड़ी ने तीन गेम तक चले मुकाबले में जीत हासिल की थी। महिला एकल के फाइनल में दो बार की एशियाई चैंपियन वांग झियी ने पोर्नपावी चोचुवोंग को एकतरफा मुकाबले में हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। झियी ने पहला गेम 21-16 से जीता और फिर महज 40 मिनट में दूसरा गेम 21-11 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।



पुरुष युगल में मलेशिया की जोड़ी मैन वेई चोंग और टी काई वुन ने भी खिताब जीत लिया। इस जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया के लियो रोली और डेनियल मार्थिन को कड़े मुकाबले में हराया। मलेशियाई जोड़ी ने इससे पहले भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

दो हार के बाद दिल्ली ने चखा जीत का स्वाद

इंदौर (एजेंसी/चिंगारी)। लगातार दो हार झेलने के बाद दिल्ली ने आखिर जीत का स्वाद चख लिया। विकेटकीपर तेजस्वी दहिया की 95 रन की बेहतरीन पारी और सुयश शर्मा (31 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली ने हरियाणा को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मैच में रविवार को 43 रन से हरा दिया। तेजस्वी दहिया को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। दिल्ली ने 20 ओवर में छह विकेट पर 232 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद हरियाणा को आठ विकेट पर 189 रन पर रोक दिया। दिल्ली की पारी में उसके शीर्ष चार बल्लेबाजों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रियांश आर्य ने 40 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन, यश धुल ने 12 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के के सहारे 27 रन और नीतीश राणा ने 20 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 37 रन का योगदान दिया। दिल्ली की पारी में असली तड़का लगाया तेजस्वी दहिया ने, जिन्होंने मात्र 36 गेंदों में छह चौकों और नौ छक्कों की मदद से 95 रन ठोके। तेजस्वी पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। हरियाणा की तरफ से सुमित कुमार और अनुज ठकराल ने तीन-तीन विकेट लिए।

तिलक का शतक बेकार भारत ए को पाक ए से मिली हार

दोहा (एजेंसी/चिंगारी)। इंडिया ए टीम को पाकिस्तान ए टीम से रविवार को 48 रन से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ए ने 49.2 ओवर में 313 रन बनाने के बाद भारत ए को 49.1 ओवर में 265 रन पर रोककर एशिया कप राइज़िंग स्टार्स टूर्नामेंट के ग्रुप बी में अपनी दूसरी जीत दर्ज की, जबकि भारत ए को पहली हार का सामना करना पड़ा। जीत के बाद मैदान के बीच पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने जश्न मनाया, जबकि भारतीय बल्लेबाज चुपचाप पवेलियन की ओर लौट चले। 313 रन के लक्ष्य का पीछा करने के लिए भारत को एक बड़ी शुरुआत की जरूरत थी - अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में दिखे और लगातार बाउंड्री लगाते रहे, लेकिन वैभव सूर्यवंशी और आयुष बदौनी दोनों ही सस्ते में आउट हो गए। चौथे नंबर पर आए तिलक वर्मा संघर्ष करते दिखे- इंडिया ए के कप्तान स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पाए, जिससे अभिषेक पर दबाव बढ़ गया। बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक अपने शॉट्स खेलते रहे, लेकिन 42 गेंदों पर 70 रन बनाकर उनके आउट होते ही टीम लड़खड़ा गई।

नवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर की लगातार तीसरी जीत

मोहाली (एजेंसी/चिंगारी)। पंजाब हॉकी लीग के तीसरे सीजन के चौथे दिन, नवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर ने अपनी शानदार शुरुआत को जारी रखते हुए लगातार तीसरी जीत हासिल की। वहीं, ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई-परफॉरमेंस सेंटर (एचपीसी) ने भी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट यहाँ ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस बीच, रिपब्लिकन स्पोर्ट्स क्लब ने स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। नवल टाटा हॉकी अकादमी ने मजबूत शुरुआत की। आठवें मिनट में सुखु गुरिया ने फील्ड गोल करके टीम को बढ़त दिलाई, और फिर 25वें मिनट में अमित कोंगरी ने एक और फील्ड गोल करके इस बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफ-टाइम तक टीम 2-0 से आगे थी। तीसरे क्वार्टर में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज ने वापसी की कोशिश की, जब 36वें मिनट में शिवम यादव ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर अंतर को 1-2 कर दिया। हालाँकि, 56वें मिनट में कप्तान एमडी जाईद ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर नवल टाटा हॉकी अकादमी की दो गोल की बढ़त को फिर से बहाल कर दिया, जिससे टूर्नामेंट में उनकी शानदार शुरुआत जारी रही।



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

मंगलवार, 24 नवम्बर 2026

मेष- बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, जनसम्पर्क का सुयोग, जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार, मनोरंजन में अभिरुचि, हर्ष भी।

वृषभ- आज दिन 7/25 बजे तक लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, वैचारिक अस्थिरता, व्यय, शेष समय में व्यावसायिक विस्तार, नौकरी में पदोन्नति, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

मिथुन- आज दिन 7/25 बजे तक सफलता, कार्य क्षमता में वृद्धि, विरोधी परास्त, सुयश की प्राप्ति, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्यों में अड़चनें, अध्ययन में व्यतिक्रम।

कर्क- समय उन्नति में सहायक, योजना के कार्यान्वयन हेतु विचार-विमर्श, जीवन में इच्छित घटना घटित, दाम्पत्य जीवन मधुर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

सिंह- पराक्रम से कार्य सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य, संभावित यात्रा।

कन्या- पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, स्वविवेक से लिया गया कार्य हितकर, अकल्पित लाभ, मित्रों से सहयोग, मनोविनोद के अवसर सुलभ, धन लाभ।

तुला- आज दिन 7/25 बजे तक परेशानी, शंका-कुशंका प्रभावी, व्यय की अधिकता, मानसिक बेचैनी, शेष समय में परिस्थितियों में सुधार, विवादास्पद मसल हल।

वृश्चिक-आज दिन 7/25 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, शेष समय में योजनापूर्ति में व्यवधान, जोखिम से हानि, परिजनों से आत्मिक कष्ट।

धनु- साहसिक प्रयास प्रगति पर, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था, इच्छानुकूल घटनाएं घटित।

मकर- बुद्धि-चातुर्य से कार्यों में सफलता का सुयोग, आय के नवीन स्रोत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, भौतिक सुख सुविधा प्राप्त, यात्रा।

कुम्भ- आज दिन 7/25 बजे तक भाग्य में न्यूनता, समस्याओं से चिन्तित, उन्नति में बाधा, शेष समय में नवयोजना फलीभूत, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, घरेलू वातावरण सुखद।

मीन- आज दिन 7/25 बजे तक समय प्रगतिकारक, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, इच्छाशक्ति जागृत, शेष समय में कार्यों में अड़चनें, आरोग्य सुख में व्यवधान।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में नगीना के दो लालों ने लहराया परचम

संस्कार ने तोड़ा नेशनल रिकॉर्ड तो देवांश ने जीते चार गोल्ड

नगीना में निकाला गया विजय जुलूस

नगीना (चिंगारी)। दिल्ली में नगीना के दो होनहार किशोरों ने अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 15 वर्ष के संस्कार मित्तल ने पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड ध्वस्त कर गोल्ड मेडल जीता। वहीं देवांश मित्तल ने अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। सोमवार सुबह दोनों विजेता खिलाड़ियों के नगीना पहुंचने पर नगरवासियों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

दिल्ली के जीटीबी नगर स्थित लिटिल फेरी पब्लिक स्कूल में 20 से 22 नवंबर तक वर्ल्ड रॉ पावरलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजन किया गया। उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 15 वर्षीय सब-जूनियर वर्ग में संस्कार मित्तल और देवांश मित्तल ने पदकों की झड़ी लगा दी।

90 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए 15 वर्षीय संस्कार मित्तल ने स्क्वाट इवेंट में पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड ध्वस्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो सिल्वर मेडल भी जीते। संस्कार एक प्रतिष्ठित पहलवान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वे स्वर्गीय भानु मित्तल पहलवान व हेमलता मित्तल के पौत्र और सर्राफा व्यापारी पवन मित्तल व मान्या मित्तल के सुपुत्र हैं। संस्कार का परिवार खानदानी अखाड़े से जुड़ा रहा है और पवन मित्तल पिछले 17 वर्षों से मुंगेर में रामडोल के जुलूस में लगातार चैंपियन रहे हैं। पवन मित्तल के छोटे बेटे वैभव मित्तल भी मुंगेरी चैंपियन हैं।

वहीं, 75 किलोग्राम भार वर्ग(सब-जूनियर कैटेगरी) में नगीना के ही 15 वर्षीय देवांश मित्तल ने अद्भुत शक्ति का प्रदर्शन करते हुए चारों गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। सर्राफा व्यापारी राम बाबू एवं नेहा मित्तल के पुत्र देवांश ने स्क्वाट में 155 किलो, बेंच प्रेस में 90 किलो और डेडलिफ्ट में 177.5 किलो सहित कुल 422.5 किलोग्राम वजन उठाकर यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की।

शुक्रवार से रविवार शाम तक चली इस प्रतियोगिता में परचम लहराने के बाद सोमवार सुबह 10 बजे जैसे ही दोनों खिलाड़ी अपने वाहन से नगीना पहुंचे, नगर की सीमा पर बड़ी संख्या में एकत्रित नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर खिलाड़ियों को फूल-मालाएं पहनाई गईं और पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद रेलवे स्टेशन स्थित नगर के प्रवेश द्वार से मोहल्ला शाहजहीर स्थित उनके आवास तक एक विशाल विजय जुलूस निकाला गया।

दोनों खिलाड़ियों ने अपनी इस ऐतिहासिक कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता, परिजनों और अपने कोच की कड़ी मेहनत व मार्गदर्शन को दिया है।

स्वागत करने वालों में प्रहलाद कुशवाहा, विजेंद्र गैस वाले, धर्मेंद्र पारस, प्रमोद चौहान, अजय मित्तल, गौरव अग्रवाल, लवी मित्तल, सौरभ मित्तल, शोभित मित्तल, सीमांत मित्तल, सौरभ गोयल, अंजलि मित्तल, डिंपल महाराज, राकेश कटारिया और बबली उस्ताद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



गोल्ड मेडल विजेता किशोरों का स्वागत करते क्षेत्रवासी।

फर्जी ऑन लाइन पेमेंट दिखाकर व्यापारियों से सैकड़ों रूपए की ठगी

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजकल नगर में एक बाइक पर सवार दो ऐसे युवक काफी सक्रिय है, जो व्यापारियों की दुकानों पर पहुंचकर सामान खरीदकर उसका फर्जी ऐप से ऑनलाइन पेमेंट कर स्क्रीन शार्ट दिखाकर लोगों को ठग रहे है। ऐसे युवकों द्वारा नगर में दो दुकानदारों के यहां से सामान खरीद कर उन्हें फर्जी भुगतान कर ठगने का मामला सामने आया है। रविवार को एक बाइक पर सवार दो युवक नगर के सीकेआई चौराहे पर राजपाल चौहान की सिटी हलचल स्टोर पर पहुंचे, उनके यहां से एक युवक दुकान के बाहर बाइक पर सवार होकर खड़ा रहा, जबकि दूसरा युवक ने वहां से दुकान स्वामी राजपाल चौहान से एक सिगरेट का 480 रूपए का पैकेट खरीदने के बाद अपने मोबाइल से उनके क्यूआर कोड पर फर्जी ऐप से भुगतान का मोबाइल की स्क्रीन पर उन्हें 480 रूपए ऑनलाइन उनके एकाउंट में भेजने का मैसेज दिखाया तभी युवक सिगरेट का पैकेट लेकर बाइक पर सवार होकर वहां से चल दिये। इतने में स्टोर स्वामी राजपाल ने अपने मोबाइल पर एकाउंट में पैसे आने का मैसेज चौक किया युवक वहां से फरार हो गये। इसके बाद उक्त युवक अपनी बाइक पर सवार होकर नगर के बाजार कल्लूांज में चर्च के पास मुल्तानी गिफ्ट सेंटर पर पहुंचे वहां से भी उन्होंने 280 रूपए का सामान बेल्ट आदि खरीदी। इसके बाद सेंटर पर बैठे अकबर मुल्तानी को मोबाइल से फर्जी ऐप के माध्यम से ऑन लाइन एकाउंट में 280 रूपए जाने का स्क्रीन शॉर्ट दिखाकर वहां से भी चले गये। इसके बाद ना जाने उक्त युवकों ने शहर में किसी-किस व्यापारियों से भी इसी तरह से ठगी की। जिसके बाद सोशल मीडिया पर उक्त युवकों से सभी दुकानदारों को चौकस रहने तथा इस तरह फर्जी ऐप से ऑनलाइन ठगी का शिकार होने से बचने के संबंध में युवकों की सिटी स्टोर से खरीदारी करते हुए विडियो वायरल कर दी गई। जिससे अन्य दुकानदार उनकी ठगी का शिकार होने से बच जाए।



सिटी स्टोर पर फर्जी ऐप से खरीदारी करते ठग युवक।

आजम खां को नोटिस : 19 साल पुराने दुकान तोड़ने के मामले में पुनर्विवेचना शुरू

रामपुर (एजेंसी/चिंगारी)। रामपुर के गंज थाना क्षेत्र में 19 साल पहले दुकान तोड़ने के मामले में पुनर्विवेचना के आदेश के बाद जांच पटवाई के थाना प्रभारी पवन शर्मा को सौंपी गई है। पुलिस रविवार को नोटिस तामील कराने के लिए सपा नेता आजम खां के घर पहुंची, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने नोटिस उनके अधिवक्ता के माध्यम से भेज दिया। वर्ष 2007 में गंज थाना क्षेत्र के शहरी इलाके में एक दुकान तोड़ने का मामला सामने आया था। इसमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना की थी, जिसमें अंतिम रिपोर्ट (एफआर) लगा दी गई थी। इसके बाद दुकान स्वामी दोबारा न्यायालय पहुंचा। न्यायालय ने मामले की पुनर्विवेचना के आदेश दिए। एसपी अनिल सिंह शिशोदिया ने बताया कि गंज थाना क्षेत्र में दुकान तोड़ने के मामले में पुनर्विवेचना के आदेश हुए हैं। इसकी जांच पटवाई के थाना प्रभारी पवन शर्मा को सौंपी गई है। वह तीन दिन से नोटिस तामील कराने का प्रयास कर रहे हैं। रविवार को भी वह आजम खां के घर पहुंचे थे।

घर पहुंची रामपुर पुलिस

हिन्दू-मुस्लिम एकता पर जोर, सामाजिक मुद्दों पर किया ग़ौर

दारुल उलूम रशीदिया मेमन सादात में जमीयत सद्भावना मंच की अहम मीटिंग

किरतपुर (चिंगारी)। दारुल उलूम रशीदिया मेमन सादात में जमीयत सद्भावना मंच जिला बिजनौर की एक अहम मीटिंग हज़रत मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद जावेद क़ासमी नक्शबंदी, नायब सदर जमीयत उलमा जिला बिजनौर की सदारत में आयोजित हुई। मीटिंग की निज़ामत जिला कन्वीनर मौलाना मुहम्मद कलीमुज़्ज़मा क़ासमी ने की।



मीटिंग का आग़ाज़ तिलावते कलामुल्लाह और ज़िक्रे रसूलुल्लाह से हुआ। इसके बाद जिला कन्वीनर ने पहले से तयशुदा एजेंडे पेश किए, जिन पर गंभीरता और संजीदगी के साथ विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में हिन्दू-मुस्लिम एकता, राष्ट्रीय एकजुटता, आपसी भाईचारे, धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक सौहार्द को मौजूदा दौर की अहम सामाजिक और राष्ट्रीय ज़रूरत क़रार दिया गया। इस बात पर ज़ोर दिया गया कि विभिन्न धर्मों और वर्गों के बीच आपसी संपर्क, साझा कार्यक्रमों और विश्वास के रिश्तों को मज़बूत किया जाए। नशाखोरी, दहेज प्रथा और दूसरी सामाजिक बुराइयों के ख़िलाफ़ संयुक्त संघर्ष तथा जनजागरण अभियान चलाने की आवश्यकता पर भी विचार व्यक्त किए गए। इसके अलावा यह प्रस्ताव रखा गया कि विभिन्न धर्मों के ज़िम्मेदार लोगों, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों और सामाजिक हस्तियों से संपर्क स्थापित करके उन्हें सद्भावना मंच से जोड़ा जाए तथा समाज के लिए उनकी सेवाओं का सम्मान किया जाए। मीटिंग में दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में जिला स्तर पर एक भव्य सद्भावना कार्यक्रम आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

मीटिंग में इस संकल्प को दोहराया गया कि सद्भावना महज़ एक नारा नहीं, बल्कि एक आदर्श समाज और मज़बूत राष्ट्र के निर्माण का व्यावहारिक संदेश है। हमारी सामूहिक कोशिश होनी चाहिए कि दिलों की दूरियां मिटें, नफ़रत की दीवारें गिरें और मोहब्बत व इंसानियत के चिराग़ हर बस्ती में रोशन हों। धार्मिक एवं सांस्कृतिक विविधता के बावजूद आपसी सम्मान, एकता और शांति ही देश की वास्तविक शक्ति और तरक्की की बुनियाद हैं।

मीटिंग में साहिल मेहरा किरतपुर, सैयद आदिल ज़ैदी किरतपुर, नवाब मंसूरी बसैड़ा, क़ारी मुहम्मद ज़ाकिर जीवन सराय, क़ारी मुहम्मद मसरूर थेपुर, क़ारी वसीमुज़्ज़मा रशीदी, क़ारी मुहम्मद शाबान, हाफ़िज़ वसीम अहमद भनेड़ा, मुहम्मद दिलशाद अंसारी, मुहम्मद शहज़ाद किरतपुर, रजनीश कुमार, गुरनाम सिंह, हाफ़िज़ मुहम्मद हम्माद, हाफ़िज़ मुहम्मद अय्यान, हाफ़िज़ मुहम्मद बिलाल, मास्टर सलीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद बिजनौर)

संख्याः- 72/न.पा.परि.बि./2026-27 **दिनांकः- 20-11-26**

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1) 147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-270 मौहल्ला बाजार शम्भा, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में स्व. गंगा सागर पुत्र श्री छोटे लाल का नाम दर्ज है। उक्त सम्पत्ति पर मृत्यु प्रमाण-पत्र व वारिसान प्रमाण-पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं शपथ पत्र तथा आई. डी. प्रूफ की छायाप्रति के आधार पर श्री विजय सागर पुत्र स्व. गंगा सागर के हक में नाम परिवर्तन किया जाना है, आवेदक द्वारा मृत्यु प्रमाण-पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र तथा आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति 270 पर अपना नाम पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, उक्परोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति पर पालिका अभिलेखों में प्रार्थी श्री विजय सागर पुत्र स्व. गंगा सागर का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

भवदीय
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बिजनौर

किरतपुर के डा. कौस्तुभ गोयल लखनऊ में सम्मानित

किरतपुर (चिंगारी)। लखनऊ में आयोजित एक भव्य समारोह में किरतपुर के प्रतिष्ठित होम्योपैथ डॉ. कौस्तुभ गोयल को 'नोबेल अवॉर्ड फॉर होम्योपैथिक मेडिसिन' एवं 'राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा श्री सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट जनसेवा के लिए डॉ. कौस्तुभ गोयल को प्रतिष्ठित 'नोबेल अवॉर्ड फॉर होम्योपैथिक मेडिसिन' और 'राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा श्री सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं एम्स गोरखपुर के अध्यक्ष डॉ. हेमंत कुमार के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। रविवार को राजधानी लखनऊ स्थित होटल ऑर्नेट में इस भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संस्था द्वारा किया गया था। समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और डॉ. हेमंत कुमार ने डॉ. कौस्तुभ गोयल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक सुलभ और प्रभावी उपचार पहुंचाना अत्यंत प्रशंसनीय कार्य है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी डॉ. कौस्तुभ गोयल को 'यूथ आइकन बिजनौर' तथा अखिल भारतीय चिकित्सक एसोसिएशन द्वारा प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय गौरव अवॉर्ड' से सम्मानित किया जा चुका है।



इनकी भी सुनिये!

सरकार की घोर उपेक्षा

काफी समय से लम्बित मुकदमों के सामाधान करने का प्रयास समाचार-पत्रों में सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रतीत हो रहा है कि हाल में कोर्ट को पुन: तीन घंटे के लिये कार्य करने का उल्लेख भी किया गया है।

दूसरी ओर उपभोक्ता न्यायालय में न्यायाधीश, जो सेवानिवृत्त जिला जज होते हैं, का स्थान रिक्त है, बिजनौर में उपभोक्ता न्यायालय ठप पड़ा है। मैं 93 वर्ष का सुपर वरिष्ठ नागरिक हूं, मेरा वाद इस न्यायालय में विचाराधीन है, किन्तु न्यायालय के मजिस्ट्रेट का स्थान खाली होने के कारण काम ही नहीं हो रहा है।

इस उपेक्षा पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर आशा करता हूं कि सरकार की नींद शीघ्र खुल जाये और किसी सेवानिवृत्त जिला जज को नियुक्त कर न्यायालय को संचालित करें।

निवेदक दु:खी वरिष्ठ नागरिक
जसवन्त सिंह
156 सिविल लाइन्स, द्वितीय, बिजनौर

दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

नूरपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव तंगरौली निवासी आकाश (25) शनिवार की देर रात समय करीब साढ़े नौ बजे बाइक द्वारा अपनी फुफेरी बहन के शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। जब वह ग्राम मंडोरा के सामने पहुंचा तो सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में आकाश व उसका फुफेरा भाई वाशु गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। घायल वाशु को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बताया गया कि मृतक की शादी छह माह पूर्व हुई थी उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक आकाश का फाइल फोटो

उधर दूसरी घटना में सड़क पार करते हुए बाइक की टक्कर से युवक की मौत हो गई। रविवार की देर शाम करीब 7:30 बजे बिजनौर मार्ग पर स्थित ग्राम सुजातपुर टिक्कर में सड़क पार करते समय बाइक सवार युवकों ने स्थानीय निवासी जितेंद्र (44) को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार भी घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस की मदद से पुलिस ने तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। बता दें कि नूरपुर-बिजनौर मार्ग पर गांव सुजातपुर टिक्कर निवासी जितेंद्र को मुरादाबाद के डबल फाटक कॉलोनी निवासी बाइक सवार रचित और शिवम ने टक्कर मार दी। इसमें जितेंद्र को सीएचसी में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद घायल बाइक सवारों रचित और शिवम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रवि कुमार व उसकी पत्नी आकांक्षा जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **- हरि सिंह पुत्र मुन्ने सिंह, निवासी ग्राम दुलीचन्दपुर, थाना व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. राशिद व इसकी दोनों पत्नियां शाह बानो व सुबहाना जो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिये मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नियों से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।
- नफीस अहमद पुत्र नजरूद्दीन, निवासी मौ. शेखियान सराय रोड नई बस्ती, कोतवाली देहात, जिला बिजनौर।

ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते विधायक ओम कुमार।

नहटौर (चिंगारी)। विकास खंड आंकू में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक ब्लॉक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2026 का विधायक ओम कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ किया। उन्होंने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

श्याम नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर विधायक ओम कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सहभागिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करती है। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक ओम कुमार द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, शोभित त्यागी, वीरेंद्र पाल (खंड शिक्षा अधिकारी, नहटौर), विपिन कुमार (खेल प्रभारी, नहटौर ब्लॉक), विनय कुमार (मंच संचालक), शकील, नईम, मधुकर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के वातावरण में संपन्न हुआ।

कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्रों ने एकेटीयू जोनल फेस्ट 2026 में जीते मेडल



बिजनौर (चिंगारी)। कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर के छात्रों ने IIMT मेरठ में आयोजित डॉ. अब्दुल कलाम इंटर टेक्निकल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 (ज़ोनल स्तर) के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया, जिसमें 100 मीटर रेस में कुलवीर त्यागी, 200 मीटर रेस में पंकज कुमार, 800 मीटर रेस में सूरज कुमार और भाला फेंक में अनमोल भारती ने सिल्वर मेडल प्राप्त किए। इसी प्रकार रिले रेस में भी कुलवीर त्यागी, पंकज कुमार, सूरज कुमार और ऋशांत ने सिल्वर मेडल प्राप्त किए। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल व स्पोर्ट ऑफिसर डा. अभिषेक चौधरी व विवेक कुमार एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश कुमार अग्रवाल को दिया है। डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा, एवं सभी विभागो के विभागाध्यक्ष डॉ. शुएब अली खान, अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डा. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं सरिता बंसल, सुनील भारद्वाज, एन पी एस भण्डारी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

कीर्तन के साथ निकाली गई भव्य प्रभातफेरी



प्रभात फेरी निकाल सिख समुदायक लोग।

नहटौर (चिंगारी)। गुरु सिंह सभा के तत्वावधान में रविवार को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकली गई। सोमवार को गुरुद्वारा परिसर से प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। संगत में महिला, पुरुष भजन कीर्तन करते चल रहे थे। प्रभात फेरी में शामिल मोहल्ला सराय जोखा, मोहल्ला श्री पंचायती मंदिर, जामा मस्जिद, मोहल्ला अफगनान, मोहल्ला चौधरीयान, मोहल्ला कास्थान, बागवान नकटा से होते हुए गुरुद्वारा जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर सिंह सभा के अध्यक्ष शानू सिंह, त्रिवेंद्र सिंह, अमन सिंह, डैनी सिंह, ज्ञानी गोलू सिंह आदि प्रभात फेरी में शामिल रहे। इसके अलावा मैहर अलीपुर, बाकरनगर, खजूरी, सिरौली, फलोदी में प्रभात फेरी निकलेंगे। गुरु ज्ञानी गोलू सिंह ने बताया कि 24 नवंबर को गुरुद्वारा परिसर में गुरु नानक प्रकाश उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें अखंड पाठ, लंगर का आयोजन किया जाएगा, सेवादारों को सरोपे भेंट किए जाएंगे।

विदुर कुटी घाट पर हुई 222वीं गंगा आरती



छाछरी मोड (चिंगारी)। महात्मा विदुर की पावन तपोभूमि विदुर कुटी गंगा घाट पर आयोजित प्रसिद्ध कार्तिक स्नान मेले में गंगा समग्र संगठन के द्वारा 222वीं श्री गंगा जी की आरती का आयोजन विधि-विधान पूर्वक पंडित छकेन्द्र शर्मा के द्वारा विधि-विधान से संपन्न किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रिंस चौधरी व उनकी पत्नी अंशु चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी जसवीर तेवतिया, डॉ. राहुल देशवाल रहे। इस अवसर पर प्रिंस चौधरी ने कहा कि मां गंगा हमारी राष्ट्रीय धरोहर है और हम सब की जिम्मेदारी है कि गंगा जी को स्वच्छ, निर्मल, अविरल बनाए रखें। किसी भी प्रकार का प्रदूषण गंगा जी में ना करें। इस अवसर पर गंगा समग्र के सह प्रांत संयोजक ओम प्रकाश सिंह, विभाग संयोजक बृजपाल सिंह, देवेश चौधरी, समरपाल सिंह, मास्टर रघुवीर सिंह, कौशल अग्रवाल, दिनेश सिंह, सोपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, रवि कुमार, राजकुमारी, सतबीर सिंह, नवयुग चाहल, मनवीर सिंह, वेदपाल सिंह, मूलचंद सिंह, रुपेश चौधरी, अमीर सिंह, प्रियंका, हेमा, पूजा आदि उपस्थित रहे।

शिवसेना ने मेले में लगाया शिविर, 31 लोगों को सदस्यता दिलाई



चांदपुर (चिंगारी)। शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने गंगा स्नान मेले में शिविर लगाकर 31लोगो को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर चौधरी वीर सिंह ने गंगा स्नान के लिए आये लोगों को बालासाहेब ठाकरे के विचारों एवं सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने श्रद्धालुओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि सभी श्रद्धालु मां गंगा की पवित्रता एवं स्वच्छता बनाए रखें तथा गंगा में स्नान करते समय पूर्ण मर्यादा और सावधानी का पालन करें। उन्होंने युवाओं से मेले में किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने की अपील की। साथ ही महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं से मर्यादित वस्त्र पहनकर ही स्नान करने तथा बच्चों, माताओं एवं बहनों का सम्मान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर युवा नेता विजय मोहन गुप्ता, गौरव कुमार, राजीव अहलावत, मनोज कुमार, शशि कुमार, ललित सहित अन्य शिवसैनिक उपस्थित रहे।

बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने में जुटे दीपक

नगीना (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी की ओर से आगामी 26 नवंबर को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में आयोजित होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए पार्टी नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगीना विधानसभा क्षेत्र में पार्टी

नगीना विधानसभा क्षेत्र से हजारों लोगों को ले जाने का किया दावा

के नेता एवं संभावित प्रत्याशी दीपक कुमार सिंह पिछले करीब एक माह से गांव-गांव और क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर लोगों को महारैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

दीपक कुमार सिंह ने महारैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। वह लगातार गांवों में पहुंचकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें लखनऊ पहुंचने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 26 नवंबर को रमाबाई अंबेडकर मैदान में होने वाली यह महारैली भीड़ के लिहाज से अब तक के रिकॉर्ड तोड़ने वाली होगी। उन्होंने कहा कि नगीना विधानसभा क्षेत्र से ही सैकड़ों बसों के माध्यम से हजारों लोग महारैली में शामिल होने के लिए लखनऊ पहुंचेंगे। क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। दीपक कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी की महारैली को सफल बनाने के लिए वह दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उनका दावा है कि आने वाला समय आजाद समाज पार्टी का होगा और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि महारैली को लेकर क्षेत्र में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। कार्यकर्ता और समर्थक भी लोगों को रैली में ले जाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं।



दीपक कुमार

वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच शुक्रतीर्थ पहुंचे मोहन भागवत

मोरना/मुजफ्फरनगर (चिंगारी)। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत रविवार शाम 6:25 बजे पौराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित श्री शुकदेव आश्रम पहुंचे। संघ प्रमुख के आगमन पर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज सहित ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। शुकदेव आश्रम पहुंचते ही उन्होंने शिक्षा ऋषि वीतराग स्वामी कल्याण देव महाराज की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। आश्रम में उनका रात्रि प्रवास रहा।

संघ प्रमुख के आगमन पर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज, ट्रस्ट अध्यक्ष एमएल रंगा, महामंत्री केके विज, विधिक सलाहकार बीबी सिंह, रमेश मलिक, ओमदत्त आर्य तथा डॉ. नरेंद्र शर्मा ने स्वागत किया। इसके बाद डॉ. भागवत समाधि मंदिर पहुंचे और स्वामी कल्याण देव महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शुकदेव गुरुकुल संस्कृत



विद्यालय के 11 बटुक विद्यार्थियों ने शंखनाद किया। आचार्य गिरिश्चंद उप्रेती, अचल कृष्ण शास्त्री, सुमन कृष्ण शास्त्री और आशीष शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। शंखध्वनि और मंत्रों के बीच आश्रम का वातावरण आध्यात्मिक एवं श्रद्धामय हो उठा।

समाधि मंदिर में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संघ प्रमुख आश्रम परिसर स्थित ताऊ देवीलाल भवन पहुंचे, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। रात्रि में दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ संवाद और विचार-विमर्श भी हुआ। आश्रम ट्रस्टी ओमदत्त आर्य ने बताया कि सोमवार सुबह नौ बजे संघ प्रमुख राष्ट्र कल्याण, सुख-समृद्धि और मानव कल्याण की कामना से आश्रम की यज्ञशाला में आयोजित हवन-यज्ञ में आहुति देंगे। इसके बाद वे वेदव्यास मंदिर का लोकार्पण करेंगे और आश्रम में स्थित प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा करेंगे। शुकदेव मंदिर में दर्शन एवं पूजन के बाद डोंगरे भागवत भवन पहुंचेंगे, जहां भागवत कथा भवन का लोकार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में आमंत्रित साधु-संतों, आचार्यों और शिक्षकों को संघ प्रमुख संबोधित करेंगे। आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज भी उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम का संचालन ओमदत्त आर्य करेंगे। इस अवसर पर अभिनंदन ग्रंथ का विमोचन भी किया जाएगा।

सतगुरु नानक प्रगटिया, मिटी धुंध जग चानण होआ।
जिउ कर सूरज निकलिया, तारे छपे अंधेर पलोआ।



श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व, गंगा स्नान व नए साल की,सभी क्षेत्रवासियों एवं जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बहुत-बहुत बधाई।



विनतीकर्ता
चरणजीत सिंह जट्टा
प्रधान, श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा,गुरु नानक चौक खासपुरा

'बहनजी को सीएम बनाइए, आगरा को जन्नत बना देंगे'

ताजनगरी में आकाश आनंद ने भरी हुंकार

आगरा (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी (BSP) के नेता आकाश आनंद ने आगरा के एत्मादपुर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएं। आकाश आनंद ने कहा कि अगर बहनजी फिर से मुख्यमंत्री बनती हैं, तो आगरा को जन्नत बना दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि बसपा के सत्ता से बाहर होने के बाद से आगरा का विकास रुक गया है। दरअसल, आज रविवार को आकाश आनंद ने बसपा उम्मीदवार सर्वेश बघेल के समर्थन में सभा की। उन्होंने लोगों से एत्मादपुर से सर्वेश बघेल को जिताने की अपील की, साथ ही 6 दिसंबर को लखनऊ पहुंचने को कहा। उन्होंने बताया कि उस दिन मायावती खुद लोगों के बीच आकर अपना संदेश देंगी।



आकाश आनंद ने कहा कि भाजपा को अयोध्या से, समाजवादी पार्टी को इटावा और सैफई से, जबकि बसपा को आगरा से मोहब्बत है। उन्होंने ताजमहल का जिक्र करते हुए कहा कि शाहजहां ने आगरा को ताजमहल दिया था और बहनजी ने ताजमहल तक पहुंचने का रास्ता बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आगरा में जूते बनाने वाले कारीगर आज रोजगार के लिए भटक रहे हैं। अगर मायावती पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनती हैं, तो आगरा का विकास कराया जाएगा। आकाश आनंद ने भाजपा सरकार के 10 साल के कामकाज पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोगों को विज्ञापन खूब देखने को मिले, लेकिन रोजगार नहीं मिला। उनके मुताबिक, सरकार ने उत्तर प्रदेश में सब कुछ अच्छा दिखाने के लिए करीब सात हजार करोड़ रुपये खर्च किए।

मेरी कोई कीमत तो लगे, कुछ मिल रहा नहीं और बाज़ार में बिक जाऊं- आज़म ख़ान

रामपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब महज कुछ महीनों का समय शेष है। भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा समेत सभी दलों की तैयारी लगभग पूरी हो गई हैं और रोजाना नेता एक-दूसरे पर हमलावर हैं। पिछले दिनों डासना जेल से हुई आजम खान की रिहाई ने भी चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। एक ताजा इंटरव्यू में खान ने ओवैसी समेत तमाम अन्य नेताओं पर अपनी बात रखी है। उन्होंने तंज कसते हुए खुद को लेकर कहा है कि मेरी कोई कीमत तो लगे, कुछ मिल रहा नहीं और आप कहते हो कि बाज़ार में ऐसे ही बिक जाऊं।

सपा नेता से पूछा गया कि एक थ्योरी चल रही है कि आजम खान रिहा हुए नहीं हैं, बल्कि चुनाव के लिए उन्हें रिहा करवाया गया है। वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम के यूट्यूब चैनल से बात करते हुए आजम खान ने कहा, मैं तो यह वादा लेना चाहूंगा कि मुझे अब फिर से जेल न भेजें। उन्होंने भाजपा पर बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा कि वे जो चाहते हैं, वैसा करके दिखाऊंगा, लेकिन कुछ इनाम भी तो मिले।

यूपी के पूर्व मंत्री खान ने आगे कहा, अब आप प्याला मेरे हाथ में दे दें, लेकिन उसमें कोई सिक्का भी न डालें तो इस प्याले को तो मैं फेंक दूंगा। गली में रह रहा हूं, जेनरेटर भी नहीं हैं, मेरे लिए कुछ करें तो। मेरे लिए भी तो कुछ जायदाद खड़ी की जाए। हैदराबाद में तो हो जाती है। मेरा



मीडिया पर आजम खान की रिहाई के काफी चर्चे हैं। कई का मानना है कि आजम की रिहाई जान-बूझकर करवाई गई, ताकि भाजपा को इससे फायदा हो। आजम यूपी भी वैसा महल बनवा दें। मैं गली में रह रहा हूं, लेकिन वे कुछ कर नहीं रहे हैं। बिना पैसों के तो बाजार में कोई सामान नहीं खरीदा जा सकेगा। आजम खान ने कहा कि मैं बहुत अदना-सा सामान हूं, लेकिन मेरी कोई कीमत तो लगे। कुछ मिल रहा नहीं है और बाजार में बिक जाऊं? किसलिए। दरअसल, सोशल चुनाव के चलते कुछ बयानबाजी करेंगे और उससे फायदा भाजपा उठा सकती है।

शुभकामनाएं

चिंगारी की सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, संवाददाताओं, वितरकों, आजीवन सदस्यों, संस्थानकर्मियों सहित सभी सहयोगियों व शुभचिंतकों को कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं/लख-लख बधाई।
गंगा स्नान पर्व पर चिंगारी का अवकाश रहेगा।
अतः अगला अंक 25 नवम्बर 2026 को मिलेगा।
-संपादक

गुजरात में हुये सड़क हादसे में कोटद्वार के सात लोगों की मौत

मृतकों में 2 सेना के जवान, 2 महिलाएं, 3 बच्चे शामिल



कोटद्वार (चिंगारी)। शनिवार देर रात को गुजरात के भुज इलाके में हुए सड़क हादसे में कोटद्वार के रहने वाले 7 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 3 बच्चों, 2 महिलाओं और 2 सेना के जवान समेत सभी 7 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक सेना के जवानों के परिवारों से थे, जो खावड़ा से भुज लौट रहे थे, तभी वेकरिया के रण क्षेत्र के पास उनकी कार की ट्रेलर से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार दो हिस्सों में बंट गई। हाईवे पर शव बिखर गए। कार के मलबे में फंसे शवों को निकालने में बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रेलर से टक्कर के बाद कार दो हिस्सों में बंट गई। कार का नंबर देहरादून का था। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और प्रशासन ने एंबुलेंस की व्यवस्था की। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भुज के जीके जनरल अस्पताल पहुंचाया गया।

कोतवाल प्रदीप नेगी ने बताया कि हादसे का शिकार हुए सभी मृतक कोटद्वार के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान सौरव सिंह (उम्र 32) पुत्र जसपाल सिंह नेगी, सविता (उम्र 30) पत्नी सौरव सिंह नेगी, शिवीका (उम्र 3 माह) पुत्री सौरव सिंह नेगी निवासी ध्रुव विहार, ध्रुवपुर कोटद्वार, रिंकी (उम्र 32) पत्नी नितिन गुंसाई, वामिका (उम्र 4 वर्ष) पुत्री नितिन गुंसाई निवासी शाह चक्की के पास मोटाढाक, कोटद्वार, राजेश सिंह रावत (उम्र 35) और रक्षिता (उम्र 7 वर्ष) पुत्री राजेश रावत निवासी सिंभलचौड़, कोटद्वार के रूप में हुई है। कोतवाल प्रदीप नेगी ने बताया कि मृतक सौरव नेगी और राजेश रावत के अलावा मृतका रिंकी के पति नितिन गुसाई आर्मी में हैं। सभी इन दिनों (भुज) गुजरात में नियुक्त हैं।

फलाहारी बाबा की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाने का निर्णय

कोटद्वार (चिंगारी)। आद्य सनातन शक्तिपीठ श्री गणेश गिरि धर्मार्थ समिति की ओर से श्री गणेश गिरि फलाहारी बाबा के 45वीं पुण्यतिथि महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। समिति कार्यालय में आयोजित बैठक में तय किया गया कि पुण्यतिथि महोत्सव 22 व 23 दिसंबर को मनाया जायेगा। प्रथम दिवस पर अखंड रामायण पाठ होगा। संतों के आगमन के पश्चात धूना, पूजा कर शाम को भंडारा होगा। द्वितीय दिवस पर रामायण पाठ की समाप्ति के बाद बाबा की प्रतिमा को स्नान कराया जायेगा और प्रतिमा का श्रृंगार, पूजन आदि के बाद रोट का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन होगा। बैठक में वीरेंद्र सिंह रावत, रणजीत सिंह नेगी, रवींद्र नेगी और सुमित नेगी सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया



बिजनौर (चिंगारी)। पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह ने विभिन्न बूथों पर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया एवं वहां उपस्थित बीएलओ को वोट बनवाने के लिए निर्देशित एवं क्षेत्र वासियों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया। नगर पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह एवं डॉ. बीरबल सिंह ने चाहशीरीं बेसिक स्कूल में जाकर बूथ संख्या 252, 253, 254 का निरीक्षण किया।

इसके उपरांत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में भी जाकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी विधानसभा के विभिन्न बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची का सत्यापन किया गया। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अथवा उससे अधिक आयु के ऐसे नागरिक, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनके नए वोट बनवाने हेतु फॉर्म-6 भरवाए गए। साथ ही, मतदाता सूची में नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन हेतु फॉर्म-8 भरवाए गए। इस अवसर पर विजेंद्र चौधरी, आशीष अग्रवाल, मानव सचदेवा, शक्ति केंद्र संयोजक कृष्ण दत्त भारद्वाज, मनोज बालियान, विशाल शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हैप्पी होम स्कूल में वार्षिक एथेलेटिक मीट का समापन

कोटद्वार (चिंगारी)। नगर निगम के अंतर्गत जौनपुर स्थित हैप्पी होम स्कूल में आयोजित वार्षिक एथलेटिक मीट 2026-27 का समापन हो गया है। कड़े मुकाबलों के बाद होप हाउस ने ग्लैडविन मेमोरियल शील्ड जीतकर हाउस चैंपियनशिप अपने नाम की।

एथलेटिक मीट का आरंभ मुख्य अतिथि नगर आयुक्त पीएल शाह, स्कूल की निदेशक उषा सिंह और विशिष्ट अतिथि विभा धूलिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर आयोजन का आगाज किया गया। नगर आयुक्त पीएल शाह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर परिश्रम करने

होप हाउस ने चैम्पियनशिप अपने नाम की

की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या शालिनी सिंह की देखरेख में वेलर, हार्मनी, विक्ट्री और होप हाउस के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। समूह गान और समूह नृत्य की प्रस्तुतियों ने भी समारोह में रंग जमाया। एथलेटिक मीट में दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, गोला फेंक और रिले रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हाउस चैंपियनशिप में होप हाउस प्रथम, हार्मनी हाउस द्वितीय, वेलर हाउस तृतीय और विक्ट्री हाउस चौथे स्थान पर रहा। वहीं सीनियर बालक वर्ग में मोहित और जूनियर वर्ग में प्रिंस रावत को बेस्ट एथलीट चुना गया। दोनों को कुंवर राज सिंह मेमोरियल ट्रॉफी प्रदान की गई। बालिका वर्ग में अंबिका बिष्ट ने बेस्ट एथलीट का खिताब जीता, जबकि ईशा ध्यानी और अदिति को उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया।

आर्थिक रूप से कमजोर सात कन्याओं का विवाह कराया



कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह के दौरान परिषद के सदस्य व पदाधिकारी।

कोटद्वार (चिंगारी)। भारत विकास परिषद की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर सात कन्याओं के सामूहिक सरल कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया गया। नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघचालक गबर सिंह के आशीर्वचन के साथ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर भारत विकास परिषद, समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रहा है। समारोह की जानकारी देते हुए संयोजक कैलाश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर रूपा सैनी व अंकित कुमार, काजल व गोविन्द सिंह, राधिका व रोहन, आरती व नरेश नेगी, कान्ति व दीपक प्रकाश, प्रीति व अनुज कुमार और सुनीता व अमन शाह का विवाह वैदिक मंत्रों के साथ पूर्ण हिन्दू रीति-रिवाज से पं. ईश मोहन बहुगुणा के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। बताया कि परिषद की ओर से सभी वर वधू को आवश्यक जीवनोपयोगी वस्तुएं भेंट स्वरूप दी गई। बताया कि परिषद् द्वारा अब तक 71 सामूहिक कन्या विवाह कराए जा चुके है। नव विवाहित वर वधू को मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत, पूर्व कैबिनेट मन्त्री सुरेंद्र सिंह नेगी व निवर्तमान महापौर हेमलता नेगी ने भी आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, सचिव प्रदीप अग्रवाल, प्रवक्ता गोपाल बंसल, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सह संयोजक राजेन्द्र जखमोला, राजदीप माहेश्वरी, श्रीकृष्ण सिंघानिया और राधेश्याम शर्मा सहित परिषद के सभी सदस्य मौजूद रहे।

महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा की कार्यकारिणी गठित



नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

धामपुर (चिंगारी)। महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा धामपुर की नगर कार्यकारिणी का चुनाव क्षत्रिय भवन क्षत्रिय नगर धामपुर मे सम्पन्न हुआ, जिसमें राकेश कुमार चौहान को संयोजक, देवेन्द्र कुमार को अध्यक्ष, बिशम्बर सिंह को उपाध्यक्ष, रविन्द्र चौहान (पप्पू) को महामंत्री, निर्दोष कुमार को कोषाध्यक्ष केशव कुमार को मीडिया प्रभारी, महेश कुमार प्रचारमंत्री तथा अमन चौहान को युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव समिति के अध्यक्ष डॉ. कमलेश कुमार, सदस्य राजपाल सिंह, सदस्य चंद्रभान सिंह ने संयुक्त रूप से चुनाव परिणाम घोषित किए। चुनाव कार्यक्रम में अभय कुमार सिंह, हरिराज सिंह, यशवीर सिंह गीतम, अजयकुमार, जितेन्द्र सिंह एडवोकेट, सुभाष चौहान, शिशुपाल सिंह, विपुल प्रताप सिंह, सुधीर कुमार, लोकेंद्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, भानू प्रताप सिंह चमन सिंह, महेश कुमार ने सहयोग किया।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

पुलिस विभाग में 144 पुलिस उपाधीक्षकों का स्थानांतरण

लखनऊ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन में बड़े पैमाने में फेरबदल करते हुए 144 पुलिस उपाधीक्षकों का स्थानांतरण किया है। कुछ अधिकारियों को विशेष इकाइयों में भी भेजा गया हैं। तबादले के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक शोभित कुमार को बुलंदशहर से कानपुर देहात भेजा गया है। दिलीप कुमार सिंह को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से मीरजापुर, सुजीत कुमार दुबे को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से अयोध्या, शुभम तोडी को आजमगढ़ से संभल, अतुल कुमार सिंह प्रथम को अमेठी से महाराजगंज, महेंद्र कुमार शुक्ला को अयोध्या को महोबा, राम करन को बुलंदशहर से पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, नितिन कुमार को बरेली से जौनपुर, सुनील कुमार सिंह को अयोध्या से गोण्डा भेजा गया है। इसी तरह कुल 144 अफसरों का तबादला किया गया है।

डिग्री अवसर देगी, पहचान आपके स्किल से होगी- राजनाथ सिंह

लखनऊ (चिंगारी)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए छात्रों से कहा कि जब आप नौकरी की दुनिया में कदम रखेंगे तो आपकी डिग्री आपको पहला अवसर दिलाएगी। उसके बाद आपकी पहचान आपके स्किल से होगी, आपकी सीखने की क्षमता से बनेगी। इसलिए अपने लिए नए रास्ते बनाने से मत डरिए। उन रास्तों पर अकेले चलने से भी मत घबराइए। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपकी डिग्री आपकी पहचान नहीं है।

राधे-राधे' कहने से भी सपा को परेशानी, यह हमारी आस्था और संस्कृति का हिस्सा- पंकज चौधरी

लखनऊ (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के मुखिया पर निशाना साधते हुए कहा कि राधे-राधे कहने पर उन्हें आपत्ति क्यों हो रही है। सनातन धर्म को मानने वालों के लिए ब्रज की पावन भूमि पर राधे-राधे कहना स्वाभाविक आस्था और संस्कृति का हिस्सा है। इस संबोधन पर सवाल उठाना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना और उसका मताधिकार सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

सभी को गंगा स्नान एवं गुरु नानक जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

ATHER
असली इलेक्ट्रिक
एथर इलेक्ट्रिक/
अब धामपुर में।
ATHER EXPERIENCE CENTER, DHAMPUR
Address:- Indra Nagar Colony Near Ayushman Hospital Dhampur Bijnor - 246761
Mob. 9240083181



सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान एवं गुरु नानक जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

Hero
XTREME 125R
₹3,000 की छूट
XTREME 160R
₹10,000 की छूट
साथ में आकर्षक उपहार भी पाएं
KAVITA AUTO
Opposite Shree Hospital, St.Marry Road, Bijnor
9289922765
तुरंत आवश्यकता है कुशल महिला टेलीकॉलर्स की


मैसर्स सिंह फ्यूल स्टेशन
एवं एटीएस, बिजनौर
की ओर से
सभी जनपदवासियों एवं शुभचिंतकों को
गंगा स्नान एवं
गुरुनानक जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. अनुज चौधरी


सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं जनपदवासियों को
गंगा स्नान एवं
गुरुनानक जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
तापेन्द्र चौधरी
प्रबंधक
हिमालयन एकेडमी, अकौंधा (चांदपुर)
निगहत खान
प्रधानाचार्या